राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष: 48 अंक 221
जौनपुर, बुधवार
27 मई 2026

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
42°C | 28°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गहना कोठी
भगेलू राम रामजी सेठ
Since 1946
शुद्धता ही हमारी परम्परा है
1st Prize मारुति सुजुकी डिज़ायर
2nd Prize मारुति बलेनो
3rd Prize मारुति वैगन आर
प्रत्येक 10000/- तक की खरीद पर पाएं लकी ड्रा कूपन और ढेरों ईनाम जीतने का मौका
कचहरी रोड, कलेक्ट्री तिराहा के पास, आधुनिक मिष्ठान के सामने जौनपुर, यूपी 9838545608, 7355037762, 8317077790
सद्भावना पुल रोड, नखास, ओलन्दगंज, जौनपुर 9838545608, 7355037762, 8317077790
हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर 9984991000, 9792991000, 9984361313

Redefining Education
Umanath Singh Hr. Sec. School
www.unsschool.in
REGISTRATION FOR ADMISSION (2026-27) OPEN Play Group to Class IX & XI
A Senior Sec. School Affiliated to CBSE New Delhi
The Choice of Winner
Special Orientation for NTSE Olympiad, KVPY, NEET & JEE
Peaceful & Good Environment
Loving & Caring Teachers
Activity Oriented Curriculum
Creative Education Plan
Transport Facility Available
Shankarganj, Maharupur, Jaunpur - 222180
9415234208, 9648531617, 9839155647, 8808794452
Principal-Dr. Bruno D.Nazareth

School No.: 70622 Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2026-27
Science, Commerce & Humanities
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Diagnato diagnostics realm
•CT Coronary Angiogram
•Brain Angiography
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com
आर.एन. टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर पर सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध। सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं अन्य विद्यार्थियों को सभी मेडिकल/जाँच सेवाओं पर 50% की विशेष छूट।
आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता!

## ओडिशा में सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस से दम घुटने के कारण 6 लोगों की मौत

**नुगुल, 26 मई।** ओडिशा के कालाहांडी जिले के एम. रामपुर क्षेत्र में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। गौड़ कार्लाखुंटा गांव में निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक के भीतर सेंटरिंग हटाने के दौरान दम घुटने से छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर हालत में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

जानकारी के अनुसार, मृतकों में गौड़ कार्लाखुंटा गांव के सेप्टिक टैंक ठेकेदार निमाई पाल (48), उनका पुत्र आकाश पाल (28), मजदूर आदल माझी (55), मातोगांडा गांव के मनोरंजन हाती (27), तथा दुतागांव के छंदा जाला और बिपुल जाला शामिल हैं। हादसे में हातीखोला गांव के पंकज जानी (32) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, निर्माणाधीन शौचालय के सेप्टिक टैंक के भीतर मजदूर सेंटरिंग सामग्री निकालने के लिए उतरे थे। आशंका जताई जा रही है कि टैंक के भीतर जहरीली गैस भर जाने और ऑक्सीजन की कमी के कारण वे बेहोश हो गए। अंदर गए मजदूरों को बचाने के प्रयास में एक-एक कर अन्य लोग भी टैंक में उतरते चले गए, लेकिन वे भी दम घुटने से अचेत हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और प्रशासनिक टीम ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान चलाकर सभी को टैंक से बाहर निकाला और मदनपुर रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालांकि चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। एक ही गांव के कई परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल है।

Affiliated to CBSE (New Delhi) No. 2131931 Excellence in Education
NEHRU BALODYAN SR. SECONDARY SCHOOL
KANHAIPUR, Vanvihar Road, JAUNPUR
SINCE : 1981
ADMISSION OPEN 2026-27
PLAY GROUP TO 9th & 11th
SCIENCE COMMERCE & HUMINITIES
PERFORMING BEYOND THE PERCEPTION
Contact : 9415234111-9415349820 9450089310
KANHAIPUR, JAUNPUR
Printed by : Harsh Offset Press, JNP #9956736340
Transport Incharge : 9554586608, 8736006564

# बस पलटने से दारोगा-कैदी समेत छह की मौत, 22 यात्री घायल

**हादसा**

**आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 100 किमी की स्पीड पर ड्राइवर को आई झपकी**

**उन्नाव, 26 मई।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर औरास क्षेत्र में मंगलवार सुबह छह बजे 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दिल्ली से बिहार जा रही स्लीपर बस चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर अंडरपास की पुलिया के डिवाइडर से टकरा बाईं ओर एल्युमिनियम गार्ड तोड़ते हुए भारी वाहन लेन में पलट गई। हादसे में बिहार पुलिस के दारोगा, एक कैदी समेत छह लोगों की मौत हो गई और 22 यात्री घायल हो गए।

श्री सरोज ट्रैवल्स की स्लीपर में बस में लगभग 45 यात्री सवार थे। हादसे के समय अधिकांश लोग गहरी नींद में थे। तभी सुबह लगभग छह बजे औरास क्षेत्र के निंभाखेड़ा के पास चालक को झपकी आने से बस का पिछला हिस्सा अंडरपास के कंक्रीट डिवाइडर से टकरा गया। जिससे बस अनियंत्रित होकर बाईं ओर आ गई और एल्यूमिनियम गार्ड तोड़ते हुए भारी वाहन लेन में पलट गई। बस के पलटते ही कई यात्री सीटों से उछलकर एक-दूसरे के ऊपर जा गिरे। लगभग 10 मिनट बाद यूपीडा और औरास पुलिस ने पहुंचकर राहत कार्य शुरू कराया। घायलों को सीएचसी भेजा गया, जहां बिहार के सिवान निवासी दारोगा रविचरन व हरियाणा निवासी कैदी छत्रपाल को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उनके साथ मौजूद एक सिपाही घायल हो गया।

दारोगा कैदी के बयान दर्ज कराने दिल्ली ले गए थे और वहां से वापस लौट रहे थे। हादसे में गोरखपुर निवासी सुरेश जायसवाल, विजेशी गुप्ता और विजय कुमार की भी मौत हो गई। एक दिवंगत की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी पहचान की कोशिश कर रही है। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे की भारी और हल्के वाहनों की लेन लगभग एक घंटे तक बंद रही।



**क्रेन की मदद से हटाई बस:** वाहन ओवरटेकिंग लेन से निकलते रहे। यूपीडा ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को हटवाकर लेन खाली कराई। हादसे की सूचना पर डीएम घनश्याम मीना, एसपी जयप्रकाश सिंह समेत अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। सीएचसी औरास से 21 घायलों को केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया है।

**मृतकों के नाम:** दारोगा रविचरन उम्र निवासी सिवान, बिहार, सुरेश कुमार जायसवाल पुत्र रामाधार निवासी मुंडेरा बाजार जनपद गोरखपुर, विजेशी गुप्ता पुत्र मिश्री गुप्ता निवासी पिपराइच जनपद गोरखपुर, विजय कुमार पुत्र रामजीत निवासी कसानगंज जनपद बस्ती, छत्रपाल तोमर निवासी हरियाणा एवं छठवां मृतक अज्ञात।

**घायलों के नाम:** मो वसीम निवासी वजीरगंज बिहार, गोलू निवासी देवरिया सदर, रोहन निवासी ग्राम बरमघोषी, जहानाबाद, बिहार, विनय निवासी बिस्तौली, गोरखपुर, धीरज निवासी टिकरा सौहात, कुलही, महाराजगंज, अरुण कुमार निवासी कुशमाल बेनीपास, गोरखपुर, सुरेंद्र कुमार गुप्ता निवासी बरपार खदनी, गोरखपुर, अमरदीप सिंह निवासी औरैया, फरमान अंसारी निवासी पिपरा पड़ी, शिकारपुर, बिहार, शाहिद अख्तर निवासी पिपरा पड़ी, शिकारपुर, बिहार, सोम अली निवासी लौकियांवा, बस्ती, धनंजय निवासी श्याम विहार, नजबगढ़, दिल्ली, विष्णु कुमार निवासी ककरिया, बस्ती, अरविंद निवासी खड़खड़िया, गोरखपुर, राहुल निवासी निवासी खड़खड़िया, गोरखपुर, गणेश दीक्षित निवासी कुशीनगर, आर्यन गुप्ता निवासी कप्तानगंज, बस्ती, लारेब आलम निवासी सदर, गोरखपुर, परमजीत सिंह निवासी मुस्का पिपरी, गोरखपुर, श्वेता यादव निवासी मुस्का पिपरी, गोरखपुर, बिंद्रावती निवासी मुस्का पिपरी, गोरखपुर, अज्ञात।

## बिहार विधान परिषद चुनाव का शंखनाद

### 9 सीटों पर 18 जून को वोटिंग, नीतीश कुमार की सीट पर भी उपचुनाव

**पटना, 26 मई।** भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार विधान परिषद की खाली हो रही नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव और एक रिक्त सीट पर उपचुनाव की आधिकारिक घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग द्वारा मंगलवार को जारी किए गए इस कार्यक्रम के बाद राज्य के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी चुनावी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। विधानसभा कोटे की इन सीटों पर होने वाले इस चुनाव से बिहार की राजनीति में कई नए समीकरण बनते और बिगड़ते नजर आएंगे। विधानसभा के मौजूदा संख्याबल के आधार पर इन सीटों के नतीजे काफी हद तक तय माने जा रहे हैं, लेकिन उम्मीदवारों के चयन को लेकर अभी से जबरदस्त लॉबिंग देखने को मिल रही है। बता दें कि बिहार विधान परिषद चुनावों के लिए 1 जून से नामांकन और 18 जून को वोटिंग होनी है।



चुनाव आयोग की ओर से जारी आधिकारिक घोषणा के मुताबिक, विधान परिषद सदस्य की विधानसभा कोटे की कुल नौ सीटों के लिए चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। जिन नेताओं का कार्यकाल पूरा होने के कारण ये सीटें रिक्त हो रही हैं, उनमें डॉ. कुमुद वर्मा, प्रो. गुलाम गौस, मो. फारुख, भीष्म साहनी, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, संजय प्रकाश, समीर कुमार सिंह, सम्राट चौधरी और सुनील कुमार सिंह के नाम शामिल हैं। इन सभी 9 सीटों पर नए सदस्यों के निर्वाचन के लिए राजनीतिक दलों के बीच कड़ी रणनीतिक टक्कर देखने को मिलने वाली है।

चुनाव आयोग ने एक बेहद हाई-प्रोफाइल सीट पर उपचुनाव कराने का भी ऐलान किया है। यह सीट बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पद त्यागने के कारण खाली हुई है। नीतीश कुमार की इस खाली सीट पर होने वाले उपचुनाव पर पूरे राज्य की निगाहें टिकी रहेंगी। यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि इस अहम सीट से किस राजनीतिक दल का उम्मीदवार बाजी मारता है और एनडीए व महागठबंधन का क्या रुख रहता है।

## बांग्लादेश जाने के लिए बॉर्डर पर उमड़ी घुसपैठियों की भीड़

**कोलकाता, 26 मई।** पश्चिम बंगाल में शुभेंदु सरकार की 'डिटेक्स, डिलीट एंड डिपोर्ट' पॉलिसी का असर दिखने लगा है। बांग्लादेश वापस जाने के लिए बॉर्डर पर अवैध प्रवासियों की भीड़ इकट्ठा हो गई है। भाजपा ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर किया है। पार्टी ने लिखा, 'उत्तरी 24 परगना के हाकिमपुर सीमा क्षेत्र में लोग एक बार फिर बांग्लादेश लौटने के लिए जमा हो गए हैं।'

भाजपा ने आगे लिखा, 'जब एसआईआर प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब भी ऐसे ही दृश्य देखने को मिले थे। अब होल्डिंग सेंटर खुलने और अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ भाजपा सरकार के कड़े रुख के बाद सीमा क्षेत्र में लोगों के फिर से जमा होने की खबरें आ रही हैं।'

कथित तौर पर ये लोग पश्चिम बंगाल के अलग-अलग इलाकों में अवैध रूप से रह रहे थे। लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही अवैध प्रवासियों को पहचान कर उन्हें निकालने की बात शुरू हो गई थी। मालदा में इसके लिए एक होल्डिंग सेंटर भी बना दिया गया है, जहां अवैध प्रवासियों को रखा जाएगा और फिर डिपोर्ट कर दिया जाएगा। हाल ही में एक मीटिंग में शुभेंदु ने कहा था कि जो भी लोग सीएए के दायरे से बाहर हैं, उन्हें अवैध घुसपैठिया माना जाएगा और बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा।

## मोदी और शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दर्ज

**रायबरेली, 26 मई।** नेता प्रतिपक्ष लोकसभा व सांसद द्वारा प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को लेकर दिए गए बयान से भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोष बढ़ता जा रहा है। प्रगति पुरम निवासी भाजपा कार्यकर्ता व अधिवक्ता शकील अहमद खान ने सोमवार को राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर किया। उनके द्वारा न्यायालय को अवगत कराया गया कि नेता प्रतिपक्ष ने 20 मई को डीह के लोधवारी गांव में जनसभा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह गृहमंत्री अमित शाह आदि के खिलाफ अभद्र व मानहानि कारक शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की छवि धूमिल हुई है। मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट पंचम अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन विनयशील ने की। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने 15 जून की तिथि बयान के लिए नियत की है।

## यूपी में अब एक दिन में बनेगा जन्म और मृत्यु का प्रमाण पत्र

**योगी सरकार का वन डे गवर्नेंस सेंटर चालू करने का फैसला**

**लखनऊ, 26 मई।** उत्तर प्रदेश में जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने या घर-जमीन का दाखिल खारिज कराने के लिए भाग-दौड़ नहीं करना होगा। योगी आदित्यनाथ सरकार ने सर्टिफिकेट बनवाने में संकट खत्म करने के लिए प्रदेश के सभी नगर निगम में वन डे गवर्नेंस सेंटर चालू करने का फैसला किया है। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मंगलवार को इस पहल का ऐलान किया। सरकार इन वन डे गवर्नेंस सेंटर पर आम लोगों के कई जरूरी काम एक ही दिन में निबटाने की योजना बना रही है, जिसमें प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं को रखा जाएगा।

कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने मंगलवार को लखनऊ में एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार नगर निकायों की सेवाओं को तेज, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर में भी इस व्यवस्था को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। लखनऊ में सेंटर बन गया है। यह कार्यक्रम लखनऊ महापौर के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं, जन सुविधाओं और शहरी विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। एके शर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर से राहत देना है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद नगर निगमों में नागरिक सेवाओं का निस्तारण पहले से अधिक तेजी से हो सकेगा।

**सीनियर सिटीजन के लिए खास सुविधा:** शर्मा ने कहा कि जो लोग ऑनलाइन सेवा का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं, उन्हें इससे काफी सुविधा हो जाएगी। यह व्यवस्था लखनऊ नगर निगम ने खड़ी की है। आधुनिक सोच के साथ व्यवस्था शुरू हुई है। लखनऊ के सेंटर में सीनियर सिटिजन के बैठने की शानदार व्यवस्था है। चाय समेत हर तरह की सुविधा उपलब्ध है।

20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।

बालिका सशक्तिकरण अभियान : बालिकाओं हेतु कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

# लक्ष्य निर्धारित कर करें मेहनत : राजेश

**बीजपुर/सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** एनटीपीसी रिहंद के ईडीसी सभागार में बालिका सशक्तीकरण अभियान-2026 बैच की बालिकाओं के लिए एक प्रेरणादायी कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय रहे। इस अवसर पर संजय असाटी, परियोजना प्रमुख रिहंद तथा मानव संसाधन विभागाध्यक्ष राजेश बोयपाई भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राजेश कुमार राय ने पुलिस सेवाओं में कैरियर के विभिन्न अवसरों, अनुशासन, ईमानदारी एवं आत्मविश्वास के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।



उन्होंने अपने लंबे सेवा अनुभव को साझा करते हुए बालिकाओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प और अनुशासन के बल पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनने का संदेश दिया तथा पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन एवं महत्वपूर्ण संपर्क नंबरों की जानकारी भी साझा करते हुए सुरक्षा संबंधी अनेक व्यावहारिक सुझाव देते हुए आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों के बारे में अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने एवं सही समय पर सहायता प्राप्त करने के तरीकों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में छात्राओं के मानसिक विकास एवं तार्किक क्षमता को प्रोत्साहित करने हेतु बालिकाओं को रुबिक्स क्यूब भी वितरित किए गए। बालिकाओं ने कार्यक्रम में अत्यंत उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अतिथि वक्ता श्री राय से विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

परियोजना प्रमुख ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवादात्मक एवं प्रेरणादायी सत्र बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास तथा भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## समस्याओं को लेकर कांग्रेस का ब्लॉक कार्यालय पर प्रदर्शन

**भदोही।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वसीम अंसारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष भदोही शिवपूजन मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेसियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर भदोही विकासखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जहां डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा गया। इस दौरान मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर एवं प्रभारी भदोही दयाशंकर पांडेय ने कहा कि भदोही विकासखंड के गांवों में सड़क, नाली, स्वास्थ्य, परिवहन एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी लगातार जनता की आवाज को उठाने का कार्य कर रही है और यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो पार्टी जनता के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी ने कहा कि भदोही ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में टूटी सड़कों, जलनिकासी की समस्या, बंद पड़े अस्पतालों, सार्वजनिक शौचालयों के अभाव तथा बस संचालन जैसी मूलभूत समस्याओं से आम जनता परेशान है।

## निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडेय, ने अवगत कराया है कि कंप्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत भारत सरकार की अधिसूचित संस्था एवं 'ठ' लेवल मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक एवं युवतियों को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

जनपद सोनभद्र हेतु नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइटी पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से दिनांक 20 मई 2026 से 03 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आवेदन पत्र के साथ आवश्यक अभिलेख ऑनलाइन अपलोड करें। आवेदन की हार्ड कॉपी एवं संलग्न अभिलेखों की प्रति दिनांक 03 जून 2026 को सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन, लोढ़ी, सोनभद्र में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

# सचिव ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का किया औचक निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के नवागत सचिव आनन्द कुमार-11 ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर मीरजापुर का औचक निरीक्षण किए। दौरान निरीक्षण सचिव ने सम्प्रेक्षणगृह में प्रवासित किशोरो के बैरको, भोजनालय, भण्डारण, निरीक्षण किए।

जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही के सम्प्रेक्षण गृह में प्रवासित किशोरो से व्यक्तिगत मुलाकात किए। प्रवासित किशोरों से मुकदमों में पैरवी से सम्बन्ति विवरणों एवं अधिवक्ता होने अथवा न होने तथा दवा इलाज, पढ़ाई, खेलकूद, पेंटिंग, डान्स, बागवानी का प्रशिक्षण प्रतिदिन कराया जाना सन्तोषजनक नहीं पाया गया। अधीक्षक सम्प्रेक्षणगृह को निर्देशित किया गया कि अविलम्ब जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का पत्राचार करें और सम्प्रेक्षणगृह में प्रवासित किशोरो को उपरोक्त दवा इलाज, पढ़ाई, खेलकूद, पेंटिंग, डान्स, बागवानी का प्रशिक्षण प्रतिदिन कराया जाना सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से अविलम्ब अवगत कराये। उन्होंने किशोर सम्प्रेक्षगृह के पाकशाला का अवलोकन किए जिसमें प्रवासित 43 किशोरो के लिए दाल, बाटी, चोखा, सलाद, पापड़ तैयार किया गया था जिसकी गुणवत्ता परखने के लिए चखे और अधीक्षक को निर्देशित किए कि सम्प्रेक्षण गृह में प्रवासित किशोरों को सुबह का नास्ता और मेनू दिन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदत्त किया जाए इसमें कोतहाई न हो और भण्डारण में मेनू के अनुसार सामग्री प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थें। सचिव ने भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया कि पाकशाला व समस्त बैरकों एवं शौचालयों का नियमित रूप से साफ-सफाई कराया जाये। निरीक्षण में डाटा आपरेटर रंजीत कुमार, सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षक, पीएलवी इरफान अंसारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**आजमगढ़।** जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर रजमो (पहिलेपुर) गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी प्यारी देवी पत्नी छोटेलाल प्रजापति ने मंगलवार को गंभीरपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके बड़े पुत्र विपिन प्रजापति (18) को सोमवार रात अचानक पेट में तेज दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए आजमगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। बेटे की मौत से मां प्यारी देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर मौके पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में गंभीरपुर थाना अध्यक्ष अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# इण्डेन गैस एजेंसी की मनमानी, नहीं मिल रहा सिलेंडर

**दुद्धी, सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** स्थानीय कस्बा स्थित इण्डेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। एजेंसी की इस कार्यप्रणाली से उपभोक्ता बेहद परेशान हैं।

**क्या है पूरा मामला ?**

मैसेज और इनवॉइस जारीरू डुमरडीहा निवासी पीड़ित उपभोक्ता विन्दु देवी के मोबाइल पर गैस बुकिंग का कन्फर्मेशन मैसेज आया। एजेंसी द्वारा बकायदा इनवॉइस (बिल) भी प्रिंट कर दिया गया।

मौके पर बताया कैंसिलरू जब उपभोक्ता इनवॉइस लेकर इण्डेन गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंचीं, तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने बुकिंग कैंसिल होने की बात कहकर सिलेंडर देने से साफ मना कर दिया। पासबुक पर फर्जी एंट्रीरू सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि विन्दु देवी को सिलेंडर मिला ही नहीं, लेकिन उनके गैस पासबुक पर श्सिलेंडर डिलीवरश् (वितरित) दर्ज कर दिया गया।

**उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश**

बिना सिलेंडर मिले ही रिकॉर्ड में डिलीवरी दिखाए जाने से पीड़िता ठगी सी महसूस कर रही हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी संचालक और कर्मचारी मिलकर सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहे हैं। इस अव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने जिला पूर्ति अधिकारी (कै०) और इण्डेन कंपनी के उच्चाधिकारियों से इस मामले की तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# एनटीपीसी विन्ध्यांचल में सुरक्षा मेगा पेप टॉक आयोजित

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** एनटीपीसी विंध्याचल में सोमवार को स्टेज 1 सर्विस बिल्डिंग में ओवरहॉलिंग के दौरान सुरक्षा मेगा पेप टॉक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मुख्य रूप से संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल), एजे राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एस के सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफ एम),एम सुरेश, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम), आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) तथा अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ने सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलवाते हुए की, साथ ही उन्होंने सभी श्रमिकों को संबोधित करते हुए बताया कि जिंदगी के हर कदम में हमें सुरक्षा की आवश्यकता पड़ती है। हमें हमारी सुरक्षा के लिए घर से निकलते ही सभी सावधानियों पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के बीच में से कुछ श्रमिक बंधु को सभी के सामने अपने कार्य के प्रति रखी जाने वाली सावधानियों को बताने के लिए आमंत्रित किया, जिससे उनका मनोबल बढ़ सके।

महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए जे राजकुमार, ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि दुर्घटना होने के क्या कारण हो सकते है। हमें अपने कार्य को सम्मान देना चाहिए तभी हम उसे सुरक्षित रूप से पूरा कर पाएंगे। कार्य करने के दौरान हमें अपने आस पास के वातावरण का भी ध्यान रखना चाहिए जिससे हमारे कार्य में बाधा उत्पन्न हो सकती है। श्री सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफ एम) ने बताया कि हमें अपनी सुरक्षा का ध्यान खुद ही रखना होगा, हम अक्सर जल्दबाजी में कार्य करते है जिससे दुर्घटना हो सकती है। हमें कार्य के दौरान सभी प्रकार के सुरक्षा का उपकरण का उपयोग करना है। एम सुरेश, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम) ने बताया की किसी भी प्रकार के अनसेफ काम को अपने पास न रख के उसे आगे बताया जाए जिससे कि उसे ठीक किया जा सके।

कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) ने किया और सभी श्रमिकों को उनके कार्य के प्रति खतरों के बारे में व गर्मी के दिनों में सावधानी बरतने के लिए सचेत किया। कार्यक्रम के अंत में 40 से अधिक श्रमिकों को अच्छे कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।

# जंगल में लापता व्यक्ति का हाथ और पैर कटा शव बरामद

**तरूणमित्र न्यूज**

**मीरजापुर।** जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी व डांगरखेरी गांव के जंगल में एक किसान का डेढ़ माह पुराना कंकाल पेड़ से लटका मिला है। 65 वर्षीय मुन्ना लाल यादव का शव घर से तीन किलोमीटर दूर मंगलवार सुबह तुलसी डांगरखेरी गांव के जंगल में एक प्लास के पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। शव का निचला हिस्सा गायब था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

सूचना मिलने पर लालगंज थाना प्रभारी के साथ फॉरेंसिक पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने शव की जांच-पड़ताल की और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि शव के निचले हिस्से को जानवरों ने खा लिया होगा। मुन्ना लाल यादव, जो तुलसी गांव के निवासी थे, 11 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे अपने घर से 200 मीटर दूर स्थित निजी गौशाला के लिए निकले थे। वह उस दिन वापस नहीं लौटे। पूरे दिन और रात घर न आने पर चिंतित परिजनों ने 12 अप्रैल की शाम लालगंज थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सोमवार शाम को जंगल में लकड़ी लेने गई महिलाओं ने सबसे पहले पेड़ से लटकते शव को देखा था। रात में यह खबर तुलसी गांव तक पहुंची। मंगलवार को जब परिजनों और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि शव का कमर से नीचे का हिस्सा गायब था। शव पूरी तरह से सड़-गल चुका था और केवल कंकाल ही बचा था, हालांकि शरीर पर कपड़े मौजूद थे। प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने कहा कि प्रथम दृश्य फांसी पर लटकाने से मौत हुई है और शव का निचला हिस्सा जानवर खाए हैं, फिलहाल मौत का पूरा कारण पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट हो जाएगा।

गुड्डा-गुड़िया प्रवाहित करने तालाब पर गई चार सहेलियों में से एक किशोरी की मौत

# गंगा दशहरा अवसर पर दर्दनाक हादसा

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के कनोखर गांव में मंगलवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। गुड्डा-गुड़िया प्रवाहित करने तालाब पर गई चार सहेलियों में से एक किशोरी की गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई।

घटना के बाद गांव में मातम पसर गया और स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया गया कि कनोखर गांव निवासी काजल (17) पुत्री रामायण प्रसाद अपनी सहेलियों संध्या, खुशबू और सुमन के साथ गांव के तालाब पर गंगा दशहरा के अवसर पर गुड्डा-गुड़िया प्रवाहित करने गई थी। ग्रामीणों के अनुसार गांव में वर्षों से गंगा दशहरा पर गुड्डा-गुड़िया प्रवाहित करने की परंपरा चली आ रही है। इसी परंपरा को निभाने के लिए चारों सहेलियां तालाब पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शी बच्चियों ने बताया कि गुड्डा-गुड़िया प्रवाहित करते समय काजल अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। सहेलियों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण तालाब की ओर दौड़ पड़े।

काफी प्रयास के बाद काजल को पानी से बाहर निकाला गया। आनन-फानन में परिजन उसे बरौंधा स्थित अर्श हास्पिटल लेकर पहुंचे। जहां अस्पताल के महानिदेशक डा. महा नारायण भारती एवं चिकित्सकों की टीम ने परीक्षण के बाद किशोरी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर 112 पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि काजल और उसकी सहेलियां सामान्य दिनों में कभी तालाब में स्नान करने नहीं जाती थीं। गंगा दशहरा के पर्व पर धार्मिक परंपरा निभाने के लिए वे तालाब पर पहुंची थीं। लेकिन यह खुशी का पल देखते ही देखते मातम में बदल गया। किशोरी की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## 10 दिवसीय संस्कार एवं संगीत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**मीरजापुर।** लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ (संस्कृति विभाग) द्वारा सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत मिर्जापुर में 10 दिवसीय संस्कार एवं संगीत प्रशिक्षण कार्यक्रम नई बस्ती बथुआ में आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में किशोर तथा किशोरियों को निःशुल्क प्रशिक्षण तथा संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहकार भारती उत्तर प्रदेश के विभाग संयोजक विंध्याचल मंडल प्रतोष दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा जिले के नागरिकों से अनुरोध किया कि आप सभी लोग अपने बच्चों को प्रशिक्षण में भेज कर संगीत में कुशल व विशेषज्ञ प्रशिक्षक से उत्कृष्ट ज्ञान प्राप्त कर ले जो बिल्कुल मुफ्त है ऐसा अवसर कभी कभी मिलता है। उक्त कार्यशाला में प्रशिक्षक कुसुम पांडेय ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा सुमधुर स्वर में लय बद्ध तरीके से बालिकाओं को संगीत की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया साथ में ढोलक वादक, हारमोनियम वादक ने कार्यक्रम को और आकर्षक रूप प्रदान किया, समापन सहकार भारती की जिला अध्यक्ष श्रीमती उमा पाण्डेय ने किया युक्त अवसर पर क्षेत्रीय अनेकों गणमान्य महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## नशे में धुत ट्रक ड्राइवर का हाई वोल्टेज ड्रामा

**दुद्धी, सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** दुद्धी-विंढमगंज मार्ग पर मंगलवार अपराह्न करीब साढ़े चार बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक नशे में धुत ट्रक ड्राइवर ने बीच सड़क पर हाईवोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया। ड्राइवर ट्रक रोककर लगातार अनाप-शनाप बकता रहा, जिससे कस्बे की सड़क पर काफी देर तक हड़कंप की स्थिति बनी रही। व्यस्त समय होने के कारण देखते ही देखते मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह स्थानीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने काफी मशक्कत और कड़ी जद्दोजहद के बाद नशेड़ी ड्राइवर को नीचे उतारा और उसे हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने ट्रक को किनारे करवाकर करीब कुछ समय से बाधित यातायात को पूरी तरह बहाल कराया। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।बताया जाता हैं कि यातायात प्रभारी नरेंद्र सिंह दुद्धी क्षेत्र के दौरे पर थे कि उन्हें सड़क पर ट्रक ड्राइवर ग्रामीणों से किसी बात को लेकर बहस कर रहा था यातायात निरीक्षक की गाड़ी देख कर नशे में धूत ड्राइवर ने दुद्धी बाजार की तरफ गाड़ी बढ़ा दी।

यातायात निरीक्षक की टीम नशे में गाड़ी चलाते देख हरकत में आ गई और तत्काल उसके पीछे लग गई और थोड़ी दूरी पर जाकर उसे रोकने का प्रयास किया तो वह बीच सड़क पर गाड़ी खड़ा करके केविन लॉक कर लिया और उतरने को तैयार ही नही था फिर यातायात निरीक्षक की टीम ड्राइवर को उतरने का निवेदन करते रहें लेकिन ड्राइवर उतरने को तैयार ही नही था। काफी मशक्क्त के उसे उतारकर यातायात बहाल करायी गई। नशे में धूत ड्राइवर को देखने के लिए राहगीरों की भीड़ लग गई।

## हादसे में बाइक सवार की गई जान, एक गंभीर

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के लालापुर सेमरा कलां संपर्क मार्ग स्थित लालापुर गांव में सोमवार की रात ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर लालगंज क्षेत्र निवासी बाइक सवार दो युवक नहर में गिर पड़े। जिसमें बाइक पर पीछे बैठे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना के एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। लालगंज थाना क्षेत्र के खोमर मैना गांव निवासी 35 वर्षीय श्याम सुंदर गांव के ही अपने साथी 30 वर्षीय नागेश के साथ बाइक से लालापुर गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही सेमरा कलां लालापुर संपर्क मार्ग पर पहुंचा तो आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्राली से साइड लेने के चक्कर में ट्रैक्टर से टकराते हुए बाइक सहित नहर में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर पीछे बैठे नागेश की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना के एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल श्याम सुंदर को उपचार हेतु एंबुलेंस से पीएचसी हलिया भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक आलोक सिंह यादव ने बाइक चालक के पैर में आई गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मृतक बाइक सवार नागेश के भाई हरिशंकर की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर लालगंज क्षेत्र के खोमर मैना गांव निवासी बाइक सवार नागेश की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गंभीर रूप से घायल बाइक चालक श्याम सुंदर को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

## बरदह थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**बरदह (आजमगढ़)।** बरदह थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजेपुर हदिसा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित अनुज कुमार पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह बालाराम के यहां आयोजित कार्यक्रम में गया हुआ था। उसी दौरान विपक्षी राजकुमार पुत्र सरवन, निवासी ग्राम हदीशादयालपूर ने पुरानी रंजिश को लेकर उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि राजकुमार ने अनुज के सिर पर पांच-छह बार वार किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। साथ ही, हमलावर ने उसे गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना के संबंध में थाना बरदह में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच उपनिरीक्षक धर्मदेव यादव को सौंप दी है।

सैकड़ों राहगीरों, ई-रिक्शा चालकों को पिलाया गया ठंडा पानी

# 44 डिग्री तापमान के बीच लगाया गया निःशुल्क शरबत-जल कैंप

**भदोही।** चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल है। मंगलवार को पारा 44 डिग्री के करीब पहुंच गया। ऐसे में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए नगर के चौरी रोड स्थित पायल टाकीज के पास निःशुल्क जल-शरबत कैंप लगाया गया। हेल्थ प्लस मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक के चिकित्सक एवं पूर्वांचल के प्रख्यात कार्डियोलॉजिस्ट व हेरिटेज मेडिकल कॉलेज के एचओडी प्रोफेसर डॉ.शफत इमाम सिद्दीकी की तरफ से इसका आयोजन किया गया।

इस दौरान सुबह 10 बजे से शाम तक चले कैंप में सैकड़ों राहगीरों, ई-रिक्शा चालकों व मजदूरों आदि को ठंडा-ठंडा रूहअफ्जा का शरबत और आरओ का ठंडा पानी पिलाया गया। डॉ.सिद्दीकी ने कहा कि गर्मी में किसी प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। लू लगने से बचने के लिए शरीर में पानी की कमी नहीं होने देनी चाहिए। नगर के पचभैया वार्ड के पूर्व सभासद मो. दानिश सिद्दीकी अपनी पूरी टीम के साथ चौरी रोड पर आयोजित कैंप में मुस्तैद रहे। टीम के सदस्य तपती सड़क पर गुजर रहे हर राहगीर को रोक-रोककर शरबत और पानी पिलाते रहे। लू के बीच ठंडा शरबत पाकर राहगीरों के चेहरे खिल उठे। ई-रिक्शा चालक रमेश ने कहा कि दोपहर में सवारी नहीं मिल रही थी, गला सूख रहा था। यहां शरबत पीकर जान में जान आई। काम की तलाश में नगर के महादेव मंदिर पर आए निर्माण श्रमिक सुशील कुमार ने बताया कि आज काम नहीं मिला। बहुत गर्मी है, इसके कारण सिर चकरा रहा था। भैया ने शरबत पिलाया तो अच्छा लगा।



राहगीरों को पानी पिलाते समाजसेवी

डॉ.सिद्दीकी ने लोगों से अपील की कि दोपहर में बिना जरूरी काम घर से न निकलें और ज्यादा से ज्यादा पानी पिए। इस मौके पर डॉ.आसिफ सिद्दीकी, रेहान हाशमी, जफर आदिल खां, शम्भू यादव, सलाउद्दीन सिद्दीकी, जावेद खां जग्गू, सैयद शम्स, शमशाद हसन खां, सैयद शिबू, अरकम सिद्दीकी, अमजद खां, नवाज बेग, हसन खां, अनीफा अंसारी, इरफान राईन, फरहान खां, शशांक, अबू बकर खां, सरफराज खां व मोनिस खां आदि ने सहयोग किया।

# किसान हित में नाम संशोधन प्रक्रिया होगी सरल : डीएम

**सोनभद्र (तरूणमित्र न्यूज)।** जनपद में किसानों को उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि संबंधी सुविधाओं का लाभ लेने हेतु किसान रजिस्ट्रेशन एवं आईडी की आवश्यकता पड़ रही है। कई मामलों में किसानों के नाम एवं पते राजस्व अभिलेखों की खसरा-खतौनी में अलग-अलग दर्ज होने अथवा नाम के साथ सिंह, कुमार, देवी, रानी, कुमारी आदि उपनामों में भिन्नता होने के कारण किसानों को नाम संशोधन के लिए तहसीलों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस संबंध में किसानों द्वारा अनावश्यक विलंब की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।

प्रकरण का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए डीएम चर्चित गौड़ ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसान हित सर्वोपरि रखते हुए नाम संशोधन की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो तथा राजस्व कर्मियों द्वारा उन्हें बार-बार तहसील के चक्कर न कटवाए जाएं।



श्री गौड़ ने निर्देश दिए कि नाम संशोधन हेतु आवेदन प्राप्त होने से लेकर संशोधन पूर्ण होने तक की निश्चित समय सीमा तय की जाए तथा उसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने लेखपाल, कानूनगो एवं नायब तहसीलदार स्तर पर लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने तथा शिकायत मिलने पर जिम्मेदारी तय करने। के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को त्वरित एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता ना बरती जाए।

## पत्नी की विदाई न होने पर युवक ने पेट्रोल डालकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बरदह, आजमगढ़।** बरदह थाना क्षेत्र के कोदहरा गांव में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ससुराल पहुंचे एक युवक ने पत्नी की विदाई न होने से नाराज होकर अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले आई, जहां दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लोहता गांव निवासी 32 वर्षीय अजय कुमार पुत्र मिठाईलाल मंगलवार को अपने परिजनों के साथ दो बाइक से बरौना बाजार पहुंचे। वहां से वह अकेले पैदल अपनी ससुराल कोदहरा गांव निवासी राधेश्याम राम के घर पहुंचे और पत्नी उषा देवी से बच्ची को साथ लेकर घर चलने की बात कही। आरोप है कि पत्नी द्वारा साथ जाने से इंकार करने पर अजय कुमार ने अपने ऊपर पेट्रोल जैसा ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

# निर्माणाधीन सेफ्टी टैंक में गिरने से बालिका की गई जान

## बच्चों के साथ खेलते समय हुई घटना, परिजन में कोहराम

**जौनपुर।** नगर के भगत सिंह वार्ड में सोमवार की शाम निर्माणाधीन सेफ्टी टैंक में गिरकर एक सात वर्षीय बालिका की मौत हो गई। यह दुखद घटना उस समय घटी जब महिमा उर्फ नैना अपने घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी।

सोमवार की शाम लगभग आठ बजे, महिमा अपने पड़ोस में खेलते हुए निर्माणाधीन सेफ्टी टैंक के पास पहुंच गई, जिसमें पानी भरा हुआ था। खेल के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह टैंक में गिर गई। जब तक उसके परिवार वालों को इस घटना की जानकारी मिली और वे मदद के लिए दौड़े, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। टैंक से निकालने पर पता चला कि बच्ची की मौत हो चुकी थी। इस हृदयविदारक घटना ने महिमा के परिवार को तोड़कर रख दिया है। घर में कोहराम मच गया है और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

मोहल्ले के लोग भी इस घटना से अत्यंत दुखी हैं। महिमा की इस तरह की मौत ने सभी की आंखों को नम कर दिया है। परिवार ने इस दुखद घटना के बाद पुलिस को सूचित किए बिना ही महिमा का अंतिम संस्कार कर दिया। यह घटना न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे मोहल्ले के लिए एक गहरी छाप छोड़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं समाज में सुरक्षा के प्रति जागरुकता की कमी को दर्शाती हैं। निर्माणाधीन सेफ्टी टैंक के आसपास सुरक्षा उपायों की कमी पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। महिमा की मौत ने सभी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हमें अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति कितनी सजगता बरतनी चाहिए। यह घटना एक चेतावनी है कि हमें अपने आसपास के वातावरण को सुरक्षित बनाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। इस घटना ने न केवल महिमा के परिवार को बल्कि पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। सभी को इस बात का एहसास होना चाहिए कि बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें मिलकर प्रयास करना होगा कि ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों।

## वाहन की जद में आने से अधेड़ की मौत

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सेवई नाला के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई है। घटना मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे की है। उक्त नाले के पास सड़क पार करते समय दुर्घटना में घायल हो कर सड़क के किनारे काफी देर तक पड़ा हुआ था। आते जाते हुए लोग देखने के बाद भी सीधे चले जा रहे थे। लेकिन एक रहम दिल व्यक्ति ने 108 नंबर एंबुलेंस कर्मचारी को सूचना देकर बुलाया और उसे सदर अस्पताल ले गए। सदर अस्पताल पहुंचने पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। लाश रजिस्टर में इसका नाम मोती उम्र लगभग 55 वर्ष ग्राम धनशाली थाना गौराबादशाहपुर अंकित किया गया है। समाचार लिखे जाने तक परिवार का कोई भी व्यक्ति अस्पताल नहीं पहुंचा था। जिला अस्पताल लाश घर में शव को रखा गया है। कुछ लोग पहचान करने पहुंचे लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

## दुर्घटना में मां-बेटा जख्मी

**जौनपुर।** सिंगरामऊ क्षेत्र स्थित शक्ति मंदिर दर्शन करने गए मां बेटा किसी अज्ञात वाहन की जद में आकर गंभीर रूप से दोनों घायल हो गए। दोनों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि सिकरारा थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी रवि गौतम उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र प्रताप गौतम अपनी मां सुमित्रा देवी उम्र लगभग 48 वर्ष को साथ लेकर बाइक से सिंगरामऊ क्षेत्र स्थित शक्ति मंदिर दर्शन कर वापस आते समय रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिसके चलते दोनों मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को परिजन जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराये। अभी भी मां की हालत गंभीर बनी हुई है।

# सर्पदंश पीड़िता का मेडिकल कॉलेज में हुआ सफल उपचार



सर्पदंश पीड़िता का उपचार करती डाक्टरों की टीम।

**जौनपुर।** 26 मई को लगभग दोपहर दो बजे उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के आईपीडी विभाग में सर्पदंश से पीड़ित लगभग 18 वर्षीय युवती को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। मरीज की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों द्वारा तत्काल आवश्यक उपचार प्रारंभ किया गया। महाविद्यालय के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की तत्परता एवं समन्वित प्रयासों से मरीज का सफलतापूर्वक उपचार किया गया।

वर्तमान समय में मरीज की स्थिति सामान्य एवं स्थिर है तथा वह चिकित्सकीय निगरानी में है। उक्त उपचार कार्य में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए.ए. जाफरी के निर्देशन में डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. शादाब, डॉ. प्रतीक पाण्डेय, डॉ. अवनीश, डॉ. अभिषेक एवं डॉ. सुजीत कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ब्रजेश, राहिला, रीना, शिवानी, गोविन्द आदि का विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उपचार में सम्मिलित समस्त चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा गया कि संस्थान आमजन को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

# किशोरियों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरुक




जागरुकता कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं।

**जौनपुर।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर सौहार्द टीम द्वारा केशवपुर धर्मापुर में 26 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता अभियान दिवस का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को सुरक्षित और स्वच्छ माहवारी प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में किशोरियों को माहवारी के दौरान होने वाली बीमारियां और उनसे जुड़े मिथक को बताया गया और साथ ही बचाव के तरीके और सेनेटरी नैपकिन और कपड़े का इस्तेमाल और निस्तारण का तरीका भी बताया गया। कार्यक्रम में 26 किशोरियों और छह महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर समूह सखी सुषमा, नगीना रीता आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन स्वभाव फैलोशिप शिव के द्वारा किया गया। इस दौरान किशोरियों को नि:शुल्क सेनेटरी पैड वितरित किया गया।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जौनपुर।** मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के हुसेनपुर गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह घर में गैस सिलेंडर खत्म होने से नाराज थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उक्त गांव निवासी उदयराज गौड़ की पत्नी 25 वर्षीया विशाखा गौड़ गैस सिलेंडर खत्म होने के कारण परेशान थी। पति उदयराज के अनुसार, उन्होंने पत्नी से गैस न मिलने की बात कही थी और दो-चार दिन लकड़ी पर भोजन बनाने की सलाह दी थी। इसी बात से नाराज होकर विशाखा अपने कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजन को शक हुआ। उन्होंने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बाद में परिजन ने कमरे के अंदर साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के हुक से लटका उसका शव देखा।

## प्रधान संघ अध्यक्ष ने सरकार के फैसले का किया स्वागत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को लेकर लिये गये ऐतिहासिक निर्णय का सुईथाकला क्षेत्र के प्रधानों ने स्वागत किया। सरकार के इस फैसले से प्रधानों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया। स्थानीय ब्लॉक परिसर में प्रधानों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त किया। प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रकाश दुबे ने कहा कि पहले ग्राम विकास कार्यों को अधिकारियों को प्रशासक बनाकर कराया जाता था लेकिन सरकार के नये निर्णय से जनप्रतिनिधियों का सम्मान बढ़ा है। सभी प्रधान पूरी तन्मयता और निष्ठा के साथ सरकार के विकास कार्यों में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि प्रवीण सिंह, अनिल दुबे, राजेन्द्र यादव, राम सकल वर्मा, मोनू पाण्डेय, संजय सिंह, सोनू सिंह, संजय पाण्डेय, राम सकल बिन्द, मोनू बिन्द सहित तमाम प्रधान, क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए ग्राम विकास को गति देने का संकल्प भी लिया गया।

## प्रवेश परीक्षा में नबा नूर ने हासिल की ऑल इंडिया 5वीं रैंक

**शाहगंज।** क्षेत्र की होनहार छात्रा नबा नूर ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया की प्रवेश परीक्षा में ह्यूमेनिटीज़ संकाय में अखिल भारतीय स्तर पर 5वीं रैंक प्राप्त कर परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नबा नूर की प्रारंभिक शिक्षा शिवबरत सिंह चिल्ड्रेन एकेडमी, कलान से हुई। शुरू से ही मेधावी रहीं नबा नूर ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी उपलब्धि को केवल एक रैंक नहीं, बल्कि कठिन परिश्रम, संस्कार और परिवार की प्रतिबद्धता की जीत माना जा रहा है। नबा नूर के पिता मास्टर नूर आलम, जो शिक्षक होने के साथ-साथ रियल एस्टेट व्यवसाय से भी जुड़े हैं, बेटी की सफलता पर खुशी जताते हुए इसे पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। परिजनों शिक्षकों और शुभचिंतकों ने नबा नूर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि नबा नूर की यह सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा बनेगी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, निरंतर सफलता और बुलंद हौसलों के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

# छेड़छाड़ की शिकायत लेकर महिलाएं पहुंची पुलिस अधीक्षक कार्यालय

**जौनपुर।** जनपद के जफराबाद थाना क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां इलाज और झाड़-फूंक के नाम पर महिलाओं के साथ गलत हरकत करने तथा धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोप लगे हैं। मामले में अब एक नहीं बल्कि कई महिलाओं ने सामने आकर अपनी आपबीती सुनाई है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार चकमहमुदपुर गांव निवासी गोदावरी देवी ने आरोप लगाया कि उनकी बहू की तबीयत खराब होने पर वे उसे इलाज के लिए पास के एक बाबा के पास ले गई थीं। पीड़िता का कहना है कि बाबा ने झाड़-फूंक के दौरान जिन्न का साया बताकर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया।

महिला ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने वहां जाना बंद कर दिया तो आरोपी खुद उनके घर पहुंच गया और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने लगा। इतना ही नहीं, पैसे का लालच देने की भी बात कही गई। मामले ने नया मोड़ तब लिया जब गांव की दो से तीन अन्य महिलाओं ने भी मीडिया के सामने बयान दिया। महिलाओं का आरोप है कि इलाज और झाड़-फूंक के बहाने उन्हें गलत तरीके से छुआ जाता था।

हालांकि लोक-लाज और बदनामी के डर से वे अब तक चुप थीं। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि डर और सामाजिक दबाव के कारण वे पहले सामने नहीं आईं, लेकिन अब सच उजागर करना जरूरी समझा। हालांकि अभी तक इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश में पहले भी कई बार ऐसे कथित बाबाओं का पर्दाफाश हो चुका है, जो अंधविश्वास और झाड़-फूंक की आड़ में लोगों को गुमराह करते रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में महिलाएं अक्सर सामाजिक दबाव के कारण खुलकर शिकायत नहीं कर पातीं। उत्तर प्रदेश में लागू उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत दबाव, लालच या धोखे से धर्म परिवर्तन कराना अपराध माना गया है। दोषी पाए जाने पर तीन से दस वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। वहीं महिलाओं से छेड़छाड़ के आरोप साबित होने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत भी कड़ी कार्रवाई हो सकती है। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या पुलिस इन गंभीर आरोपों पर त्वरित कार्रवाई करेगी और क्या ऐसे कथित ढोंगी बाबाओं पर लगाम लग पाएगी।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र संग दुर्व्यवहार पर भड़के डॉक्टर

**जौनपुर।** थाना तेजीबाजार में एक सम्मानित डेंटल सर्जन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। क्षेत्र के हैदरपुर गांव निवासी डॉ. प्रभात विक्रम सिंह, जो शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जमींदार सिंह के पौत्र हैं, के साथ अभद्रता और उत्पीड़न के विरोध में मंगलवार को चिकित्सकों एवं गणमान्य लोगों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला और निष्पक्ष जांच की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया कि डॉ. प्रभात विक्रम सिंह अपनी पैतृक भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत लेकर 25 मई को थाना तेजीबाजार पहुंचे थे। आरोप है कि शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय थाना प्रभारी सत्येंद्र भाई पटेल द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। कथित तौर पर उनका मोबाइल फोन छीन लिया गया, जूते-बेल्ट उतरवाए गए और घंटों लॉकअप में बैठाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। बाद में धारा 151 के तहत चालान कर दिया गया। मामले को लेकर चिकित्सकों में खासा आक्रोश है। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि जिस परिवार ने देश की आजादी में योगदान दिया, उसके सम्मानित सदस्य के साथ इस प्रकार का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि एक शिक्षित और प्रतिष्ठित चिकित्सक के साथ ऐसा हो सकता है तो आम नागरिक खुद को कितना असुरक्षित महसूस करेगा, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। डॉक्टरों ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों पर विभागीय व कानूनी कार्रवाई करने तथा पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन किया जाएगा। जिलाधिकारी से मिलने वालों में इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) के अध्यक्ष डॉ. गौरव मौर्य, डॉ. रजनीश द्विवेदी, डॉ. संजीव पाण्डेय, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. मोईन खान, डॉ. हर्ष, डॉ. दीपक विश्वकर्मा समेत दर्जनों चिकित्सक शामिल रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मजदूर की मौत

**बक्शा।** थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में मंगलवार को ईंट गिराकर वापस भठ्ठे पर जा रहा ट्रैक्टर घुड़रोज को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सवार एक मजदूर की दबने से मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के नेवादा काजी गांव में स्थित एएसआई ईंट भट्ठे का एक ट्रैक्टर चालक ईंट गिराकर दोपहर में वापस आ रहा था घटनास्थल पर पहुंचा ही था तभी मोड़ के पास अचानक घुड़रोज को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे ट्रैक्टर पर सवार 34 वर्षीय मजदूर उमेश कुमार निवासी रामगढ़ पलामू झारखंड की मौके पर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेज दिया।

# दिव्यांगता रोकथाम के लिये लगा कैम्प

**जौनपुर।** धर्मापुर विकास खण्ड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिलखिनी में जिला मलेरिया अधिकारी सुनील यादव के नेतृत्व में सीएचओ लक्ष्मी विश्वकर्मा और क्षेत्रीय आशाओं के सहयोग से डीओ पाथ अमरेश कुमार की उपस्थिति में फाइलेरिया लिम्फोडिमा मरीजों के लिये ग्रुणता प्रबंधन एवं दिव्यांगता रोकथाम कैम्प लगा जहां फाइलेरिया मरीजों को हाथ-पैर की नियमित साफ सफाई, धुलाई, एक्सरसाइज, उचित आकार के चप्पल सैंडल पहनने, कटने, जलने, चोट लगने से बचाव, एक्यूट अटैक प्रबंधन आदि के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। फाइलेरिया के कारण, लक्षण बचाव जांच उपचार आदि की जानकारी दी गई। मच्छरों से बचाव एवं उनकी रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत समस्त 15 फाइलेरिया लिम्फोडिमा मरीजों को एमएमडीपी किट भी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में बीमारी प्रबंधन आदि की जानकारी एवं एमएमडीपी किट पाकर मरीजों ने काफी खुशी जताई। फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाला एक संक्रामक रोग होता है जिसका परिजीवी वुचरेरिया बैंकराफ्टी होता है।

इसका मच्छर रुके हुए पानी में पैदा होता है। फाइलेरिया में मुख्यत: हाथ, पैर, स्तन, अंडकोष में सूजन आ जाती है, पेशाब का रंग दूधिया काईलुरिया रोग हो जाता है। समय पर जांच उपचार न मिलने पर यह लाइलाज हो जाता है। नियमित रूप से एक्सरसाइज, योग, साफ सफाई, धुलाई आदि रुग्णता प्रबंधन, केयर अपना कर, मच्छरों से बचाव कर फाइलेरिया संक्रमण और उसके दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है।

# अखिलेश यादव के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी पर कार्यकर्ताओं में उबाल



मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपती अनुपमा सिंह पटेल समेत अन्य।

**जौनपुर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पाटी एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अखिलेश यादव के विरुद्ध अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी करने वाली भाजपा नेत्री उर्मिला सिंह के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही के लिए समाजवादी पार्टी एवं समस्थ संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिला प्रशासन से मिलकर प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में अनुपमा सिंह पटेल ने बताया कि विगत दिनों मीडिया के समक्ष भाजपा नेत्री उर्मिला सिंह द्वारा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विरुद्ध अत्यंत अभद्र, अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी की गई जिससे समाजवादी पाटी के समस्त संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई है। उक्त महिला के विरुद्ध पूर्व में कैंट थाना एवं पीजीआई थाना क्षेत्र में कई गंभीर मुकदमे दर्ज बताए जाते हैं। महिलाओं को नौकरी एवं अन्य प्रलोभन देकर शोषण करने धमकी देने तथा धन उगाही जैसे गंभीर आरोप भी सार्वजनिक रूप से चर्चा में रहे हैं। इसके बावजूद सार्वजनिक मंच एवं मीडिया के सामने इस प्रकार की भड़काऊ एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना समाज में वैमनस्य एवं तनाव फैलाने का कार्य है।

लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, किन्तु किसी सम्मानित जननेता के विरुद्ध सार्वजनिक रूप से अमर्यादित भाषा एवं अपमानजनक टिप्पणी करना निंदनीय है तथा इससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है। मांग किया कि उक्त प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराई जाए। संबंधित महिला के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए। भविष्य में इस प्रकार की अभद्र एवं भड़काऊ टिप्पणियों पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। समाजवादी पार्टी के समस्त संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की भावनाओं एवं सम्मान की रक्षा सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर शिवप्रकाश विश्वकर्मा, अशोक यादव, पवन, विवेक यादव, अभिषेक यादव, रोहित यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किराये के कमरे में फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**शाहगंज।** नगर के पुरानी बाजार मोहल्ले में सोमवार रात एक युवती का शव किराये के कमरे में फंदे से लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजन में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी आंशू यादव (25) पुत्री अल्गू यादव शाहगंज नगर के मुख्य मार्ग स्थित एक कपड़े की दुकान में कार्यरत थी। वह पुरानी बाजार मोहल्ले में डॉ. जेपी दूबे गली स्थित जवाहर लाल प्रजापति के मकान में किराये पर रहकर नौकरी करती थी।

बताया जाता है कि सोमवार रात काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर आस-पास के लोगों को संदेह हुआ। लोगों ने कमरे के अंदर झांककर देखा तो युवती का शव पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया तथा आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी में युवती के पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में रहने की बात सामने आ रही है। हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## कवि सम्मेलन का आयोजन 28 मई को

**शाहगंज।** शाहगंज की रचनात्मक एवं सांस्कृतिक संस्था संस्कार भारती द्वारा शाहगंज नगर के मां शारदा कंप्यूटर इंस्टिट्यूट पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। जिसमें संस्था अध्यक्ष द्वारा प्रेस बाइट में जानकारी दी गई कि 28 मई बृहस्पतिवार को सायं काल 06:00 बजे से नगर के लक्ष्मी नारायण वाटिका निकट हनुमानगढ़ी प्रांगण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रतापगढ़, प्रयागराज, भदोही, जौनपुर और शाहगंज के प्रख्यात कवि एवं कवयित्री का आगमन हो रहा हैं। कवियों के द्वारा गीत, गजल, मुक्तक तथा वीर रस, श्रृंगार रस एवं हास्य रस के कई जाने माने कवि आ रहे हैं। संस्था अध्यक्ष ने संपूर्ण नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोगों से निवेदन किया है अधिक से अधिक संख्या में आकर के कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देने की कृपा करें।

# लाखों की धोखाधड़ी में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाहगंज।** फर्जी दस्तावेजों और कूटरचित पहचान पत्रों के जरिए बजाज फाइनेंस कंपनी से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया है। मामले के खुलासे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार बजाज फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक दुश्यंत कुमार त्रिपाठी निवासी गोरखपुर ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि कंपनी द्वारा महिलाओं को लघु व्यवसाय के लिए दिए गए कई लोन खातों की किस्तें जमा नहीं हो रही थीं। जांच के दौरान संदेह होने पर मामले की पड़ताल की गई तो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोन लेने का बड़ा खेल सामने आया।

जांच में पता चला कि कई महिलाओं के नाम पर फर्जी एवं कूटरचित निर्वाचन पहचान पत्र लगाकर लोन स्वीकृत कराए गए थे। पुलिस के मुताबिक पूजा, राधा देवी, गुलाबी, मीरा कुमारी, शकुन्तला और निशा गौतम समेत कई महिलाओं के नाम का इस्तेमाल कर फर्जी वोटर आईडी के जरिए लोन लिया गया। कुल 262 लोन खातों में फर्जी दस्तावेजों का प्रयोग कर बजाज फाइनेंस कंपनी से भारी धनराशि हड़प ली गई। पुलिस जांच में बजाज फाइनेंस के तत्कालीन सेंटर मैनेजर हिमांशु उपाध्याय, उसके सहयोगी अखिलेश कुमार तथा एक अन्य महिला की भूमिका प्रमुख रूप से सामने आई। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। रविवार को प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह एवं उपनिरीक्षक ओम प्रकाश पांडेय की टीम ने वांछित आरोपी हिमांशु उपाध्याय निवासी बारदेवा थाना गड़वार जनपद बलिया तथा अखिलेश कुमार निवासी बड़ागांव थाना शाहगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अर्ध विक्षिप्त की मौत

**जौनपुर।** संदिग्धावस्था में घर के अंदर कमरे में बंद अर्ध विक्षिप्त युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि गौरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के आरा गांव निवासी वीरेंद्र राजभर उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र मंहगू राजभर दो दिन से अपना कमरा बंद कर उसी में रह रहा था। कमरे से न निकलने पर मंगलवार शाम परिजन को कुछ संदेह हुआ तो पहले दरवाजे को खट-खटाया न खुलने पर दरवाजा तोड़ कर देखा गया तो अंदर उसकी लाश पड़ी थी।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का दिया संदेश

**जौनपुर।** शहर स्थित मो. हसन पीजी कॉलेज में मंगलवार को विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने हिस्सा लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस मेले का उद्देश्य शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ रोजगारपरक अवसरों का जुड़ना अत्यंत आवश्यक है और महाविद्यालय युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल कंपनियों एवं प्रतिभागियों का आभार भी व्यक्त किया। रोजगार मेले में बैंकिंग, लॉजिस्टिक्स समेत विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अभ्यर्थियों का पंजीकरण, इंटरव्यू एवं चयन प्रक्रिया पूरे दिन चलती रही। बड़ी संख्या में युवाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे रोजगार पाने का सुनहरा अवसर बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. अभिषेक कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में संपन्न हुआ।

उन्होंने मेले की रूपरेखा तैयार करने के साथ कार्यक्रम के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके बेहतर प्रबंधन एवं समन्वय की सभी ने सराहना की। उन्होंने युवाओं को रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करते हुए आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समन्वयक मोहम्मद इलियास ने व्यवस्थाओं का संचालन करते हुए प्रतिभागियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. सलीम, डॉ. जीवन यादव, अंशुमान, हर्ष एवं राज ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सड़क दुघर्टना में दो सगे भाई गम्भीर रूप से घायल

**जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड़ के समीप सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड़ के समीप सोमवार की रात सड़क दुघर्टना में सुल्तानपुर जनपद के अखंड नगर थाना क्षेत्र के रुपईपुर गांव निवासी 55 वर्षीय श्रीराम राजभर व 40 वर्षीय बलिराम पुत्रगण राम किशोर राजभर शाहगंज से बाइक से घर जाने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों भाई गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देकर घायलों को एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखते हुये जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# जनरेटर में लगी आग से डायलिसिस सेवा ठप होने के आसार

**जौनपुर।** जिला अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गंभीर लापरवाही सामने आई है। जानकारी के अनुसार अस्पताल में बीते 18 मई से बिजली की केबिल खराब पड़ी हुई है, जिसकी जानकारी सीएमएस को भी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया। बिजली व्यवस्था बाधित होने के कारण अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा जनरेटर के सहारे संचालित की जा रही थी।

इसी बीच आज दोपहर जनरेटर में अचानक आग लग गई, जिससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 40 मरीजों का डायलिसिस किया जाता है। जनरेटर में आग लगने के बाद अब कल से डायलिसिस सेवा प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे मरीजों और उनके परिजन की चिंता बढ़ गई है। एक मरीज ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अस्पताल में पिछले कई दिनों से बिजली व्यवस्था की समस्या बनी हुई थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। मरीज ने कहा कि डायलिसिस जैसी जरूरी सुविधा प्रभावित होने से मरीजों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। मरीजों का आरोप है कि समय रहते खराब केबिल को ठीक करा दिया जाता तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। वहीं अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## बैठक में संगठन की मजबूती पर बल

**जौनपुर।** समस्त तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल का आधार अब सिर्फ मुस्लिम वोट पर टिका हुआ है। वरना पिछड़ा व दलित वोट का बड़ा हिस्सा बीजेपी में शिफ्ट हो चुका है। पश्चिम बंगाल का चुनाव इसका ताजा उदाहरण है। जहां टीएमसी ने 294 विधानसभा सीट में 80 सीट जीती। वहीं टीएमसी ने 47 मुस्लिम को अपना उम्मीदवार बनाया था। जिसमें 32 मुस्लिम प्रत्याशी सफल हुए। उक्त बातें एआईएमआईएम जिलाअध्यक्ष इमरान बंटी ने मछलीशहर कैम्प कार्यालय पर मछलीशहर नगर व मुंगरा बादशहपुर विधानसभा के पदधिकारियों की हुई संयुक्त बैठक में कही। और आज जब श्री असदुद्दीन ओवैसी मुस्लिम समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी की बात करते हैं तो उन्हें तथाकथित सेक्युलर पार्टीयो के नेताओं के द्वारा एजेंट व चरमपंथी कहा जाता है। परन्तु मुस्लिम समाज अब जागरूक हो चुका है और नेतृत्व खड़ा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। सचिव कामरान अहमद व जिला संयुक्त सचिव डॉ. मकसूद अहमद ने संयुक्त रूप से सक्रिय सदस्यता पर जोर देते हुए कहा कि समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय सदस्यता में तेजी लाएं। अधिक से अधिक सदस्य व सक्रिय सदस्य बनाने का कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से जिला संयुक्त सचिव मोहम्मद अकरम, मुंगरा विधानसभा अध्यक्ष शाह आलम, मछलीशहर नगर युवा अध्यक्ष शाहज़मन, जलालुद्दीन एडवोकेट, सलमान, शमशेर राइन, मिर्ज़ा शानु, शम्श उमर, सोनू, फ़राज़ सिद्दीकी, नसीम, अमन मौजूद रहें।

# सिंचाई के अभाव में समाप्त होती नजर आ रही हरियाली

**शाहगंज।** शाहगंज तहसील में प्रशासनिक कार्यालयों एवं विभिन्न न्यायालयों के सामने सुन्दरता और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लगाए गए पौधे अब उपेक्षा का शिकार होते दिखाई दे रहे हैं। परिसर में कई स्थानों पर पौधे सूख चुके हैं, गमले टूटे पड़े हैं तथा नियमित सिंचाई और रखरखाव के अभाव में हरियाली समाप्त होती नजर आ रही है। इससे सरकारी स्तर पर चलाए जा रहे स्वच्छता एवं हरित अभियान की जमीनी स्थिति पर प्रश्न उठ रहे हैं।

तहसील परिसर में आम नागरिकों, अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के लिए स्थापित पेयजल टंकियां, आरओ प्लांट तथा पानी की अन्य व्यवस्थाएं भी बदहाल स्थिति में हैं। कई स्थानों पर पानी स्थल के आसपास गंदगी एवं दुर्गंध की शिकायत है, जिसके कारण लोग वहां से पानी लेने से बचते हैं। भीषण गर्मी के बीच तहसील आने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

स्थानीय अधिवक्ताओं एवं नागरिकों का कहना है कि समय-समय पर अधिकारी निरीक्षण और फोटो सेशन तो करते हैं, लेकिन व्यवस्थाओं में स्थायी सुधार के लिए प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं देती। लोगों का आरोप है कि हरियाली और जनसुविधाओं पर खर्च होने के बावजूद उनकी नियमित देखरेख नहीं हो पा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि तहसील परिसर में सूख रहे पौधों की तत्काल देखभाल कराई जाए, टूटे गमलों को बदला जाए तथा पेयजल और आरओ व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए, ताकि परिसर में आने वाले लोगों को राहत मिल सके और सरकारी संस्थानों की गरिमा बनी रहे।

# तरुणमित्र

**बुधवार, 27 मई 2026**

संवत- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 11


## चुनाव टालने की मंशा

*पंचायतराज संस्थाओं और शहरी निकायों में पांच साल का कार्यकाल पूरा होने पर चुनाव कराने की सवैधानिक बाध्यता है। लेकिन इस अनिवार्यता की पालना नहीं करने की सरकारों की प्रवृत्ति ने पांच राज्यों के गांवों व शहरों में विकास कार्यों में जिस तरह से बाधा डाली है वह चिंताजनक है। केंद्र सरकार ने नियमित चुनाव नहीं कराने पर इन संस्थानों को दी जाने वाली मदद या तो रोक दी है अथवा उसे सीमित कर दिया है। राजस्थान सहित पांच राज्यों में पिछले तीन साल में पंचायत चुनाव नहीं होने के कारण 6500 करोड़ रुपए का अनुदान रुका है। चिंता की बात यही है कि राज्यों में जो सत्ता में हैं वे अलग-अलग कारणों का हवाला देते हुए निकाय व पंचायत संस्थानों के चुनाव टाल रहे हैं। राजस्थान में हाईकोर्ट ने अब चुनाव कराने की मियाद तक तय कर दी है। राजनीतिक स्वार्थ व कानूनी दांव-पेचों के चलते चुनाव टालने की यह आत्मघाती प्रवृत्ति न केवल हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है, बल्कि विकास की गति को भी अवरुद्ध कर रही है।*

*केंद्रीय वित्त आयोग और केंद्रीय मंत्रालयों के कड़े नियमों के मुताबिक, यदि स्थानीय निकायों में जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि मौजूद नहीं हैं, तो पूरा फंड जारी नहीं किया जाएगा। इस वित्तीय गतिरोध के चलते गांवों और शहरों में बुनियादी विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिससे सीधे तौर पर आम जनता प्रभावित हो रही है। संविधान में स्थानीय सरकारों के लिए पांच वर्ष का कार्यकाल सुनिश्चित है और संकट की स्थिति में भी छह महीने के भीतर चुनाव कराने का अनिवार्य नियम है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अभाव में व्यवस्था प्रशासनिक अधिकारियों के भरोसे छोड़ने को उचित नहीं कहा जा सकता। यह प्रवृत्ति सत्ता के केंद्रीकरण की ओर भी स्पष्ट इशारा करती है। हैरत की बात यह है कि कोरोना महामारी दौर में भी उत्तरप्रदेश में सरकार ने अप्रेल-मई 2021 में, ग्राम पंचायत चुनाव कार्र्यकाल पूरा होने पर करा दिए थे। लेकिन वहां भी अब ग्राम प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने पर प्रशासक बैठाने की तैयारी की जा रही है। सवैधानिक प्रावधान भले ही कुछ और कहते हैं लेकिन सरकारों ने ठान लिया है कि वे चाहेंगी तब ही चुनाव कराएंगी।*

*इस लेटलतीफी का जनता को दोहरा नुकसान होता है। विकास कार्यों में बाधा तो आती ही है जनप्रतिनिधि नहीं होने से छोटी-छोटी परेशाानियों के लिए प्रशासनिक तंत्र का मुंह ताकना पड़ता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहलाने वाले भारत में निर्वाचित जनप्रतिनिधि स्थानीय शासन व्यवस्था को जीवंत बनाते हैं। सवैधानिक प्रावधानों के बावजूद चुनाव समय पर नहीं कराना चिंता का विषय है। जब तक सीटों के रोटेशन, आरक्षण और चुनाव तिथियों के निर्धारण का पूरा अधिकार राज्य चुनाव आयोग को स्वायत्त रूप से नहीं मिलेगा, तब तक सरकारें अपने स्तर पर फैसले करती रहेंगी। राज्य सरकारों को राजनीतिक संकीर्णता से ऊपर उठकर समय पर चुनाव सुनिश्चित करने चाहिए।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, जिम्मेदारियों की पूर्ति, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, घरेलू वातावरण में हर्ष एवं उल्लास, पठन-पाठन में अभिरुचि।

**वृषभ**- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, बुद्धि चातुर्य से कुछेक कार्यों में अनुकूलता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, राजकीय पक्ष से सहयोग।

**मिथुन**- आज रात्रि 7/00 बजे तक सोचे हुए कार्य अधूरे, पारस्परिक कटुता, हानि भी शेष समय में आर्थिक स्थिति बेहतर, बकाए धन की प्राप्ति, मौजमस्ती हेतु व्यय।

**कर्क**-आज रात्रि 7/00 बजे तक शुभ समय, शारीरिक सुख, व्यापार में धन निवेश, यात्रा सुखद, शेष समय में परेशानी का संकेत, प्रतियोगिता में असफलता, विचारों में उग्रता।

**सिंह**- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश की प्राप्ति से घरेलू वातावरण में हर्षोल्लास, आपसी सलाह से कामयाबी, यात्रा भी।

**कन्या**- मनोरथ पूर्ण, आर्थिक व्यावसायिक उन्नति का सुयोग, जटिल समस्याओं का समाधान, परोपकार की भावना जागृत, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक।

**तुला**- आज रात्रि 7/00 बजे तक प्रतिकूलता, आरोग्य सुख में कमी, धन का अभाव, विरोधी प्रभावी, शेष समय में दिनचर्या व्यवस्थित, प्रियजनों से वांछित सहयोग।

**वृश्चिक**- आज रात्रि 7/00 बजे तक अनुकूलता, सामयिक सिद्धि, अधिकारियों से लाभ, आपसी सम्बन्ध मधुर, शेष समय में परिस्थितियां विपरीत, शुभफलों में न्यूनता।

**धनु**- अभिलाषा की पूर्ति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, वैमनस्यता का समापन, वैवाहिक जीवन में सुखशांति, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, गलतफहमी दूर।

**मकर**- व्यवसाय में विस्तार, महत्वपूर्ण कार्यों में अपेक्षित सहयोग, धन सम्पत्ति का मसला हल होने की ओर, मित्रों की गतिविधियों से मानसिक राहत, आय के नवीन स्रोत।

**कुम्भ**- आज रात्रि 7/00 बजे तक समय विपरीत, लाभ में कमी, विचारों में उग्रता, प्रेम सम्बन्धों में कटुता, शेष समय अनुकूल, मनोबल में वृद्धि, व्यक्तिगत कठिनाइयां कम।

**मीन**- आज रात्रि 7/00 बजे तक सफलता, लाभ का मार्ग प्रशस्त, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, शेष समय निराशाजनक, जोखिम से नुकसान, वाहन से चोट-चपेट।


**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722


# नेहरू जैसा वंशवाद अगर आरएसएस में होता तो देश 1947 से पहले आजाद होता

आज भारत आर्थिक आपातकाल के रास्ते पर खड़ा हुआ है। यह बड़ा घातक समय है। इस स्थिति के बारे में हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी, नीदरलैंड में अपने स्वागत समारोह में स्वयं स्वीकार कर चुके हैं। पोलटिकल इमरजेंसी तो ऑलरेडी पहले से ही अघोषित कर फ्यू की तरह लागू थी, यह आर्थिक आपातकाल से देश की जनता का निजात पाना अगर असम्भव नहीं है तो आसान भी नहीं है।

बहुत ही वरिष्ठ पत्रकार श्रवण गर्ग, वर्तमान ब्यूरोक्रेसी, टेक्नोक्रेसी, औटोक्रेसी, अरिस्टोक्रेसी, प्लूटोक्रेसी और थेओक्रेसी पर चिंता व्यक्त हुए उनकी बात करते हुए कहते हैं कि ये लोग तो त्याग न किये हैं न करेंगे। आप (देश की जनता) को त्याग करना है तो करे। हम तो गाड़ियों के काफिला के साथ ही चलेंगे और हमारे जिले स्तर के मंत्री (जिला उज्जैन मध्य प्रदेश) सैकड़ो गाड़ियों के साथ ही शपथ लेने जाएंगे हम तो मेलोनी को मेलोडी चॉकलेट भेंट करेंगे ही। हम कांग्रेस के प्रधानमंत्री शास्त्री की तरह नहीं है कि अपने बच्चों और परिवार को एक दिन भूखा रख कर एक दिन का व्रत रखने के लिए देशवासियों से आग्रह करेंगे। जहां तक मोदी जी का मेलोनी को मेलोडी चॉकलेट भेंट करने की बात है तो वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार त्रिपाठी इसका दूसरी से विश्लेषण करते है।

मूल रूप से जो कुंठा है वह नेहरू के व्यक्तित्व को पाने की कुंठा है। नेहरू दुनिया भर मे ग्लोबल लीडरशिप पर्सनालिटी इसके अलावा भारत में एक लंबा शासन करने का इतिहास रहा है और दूसरी बात नेहरू के प्रति महिलाओं में और लोगों का नेहरू के प्रति आकर्षण भी था उनके लीडरशिप को लेकर यह भी एक शो करने का तरीका है कि नेहरू को अगर एडमिना माउंटबेटन जैसी महिला पसंद करती थी तो हमको भी पसंद करने वाली महिलाएं दुनिया भर में है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके संगठन के लोग अक्सर नेहरू को नीचा दिखाने के लिए हैं, कुछ कहते हैं कि नेहरू वंश के लोगों ने राज किया, जबकि पटेल के परिजनों को भुला दिया गया, लेकिन यह हक़ीक़त नहीं है। हकीकत यह है कि नेहरू जीते जी अपनी एकमात्र संतान इंदिरा को संसद का मुंह देखने नहीं दिया मंत्री पद की तो बात क्या इंदिरा गांधी नेहरू के सहायक के रूप में ही सक्रिय रही हां नेहरू ने सरदार वल्लभभाई पटेल की बेटी मनीबेन पटेल को सांसद जरूर बनाए थे। जैसे नेहरू के लिए इंदिरा थी वैसे सरदार वल्लभ भाई पटेल के लिए मनीबेन पटेल थी 27 मइ 1964 में नेहरू के मरने के बाद इंदिरा गांधी को राज्यसभा भेजा गया इस तरह इंदिरा गांधी पहली बार सांसद नेहरू के मरने के बाद ही बनी। राज्यसभा के इस गूंगी गुड़िया को कांग्रेस के दिग्गजो ने प्रधानमंत्री बनाया था ना कि नेहरू ने।



वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष से बात करते हुए पीयूष बोबले एक घटना बताते हैं असहयोग आंदोलन के समय.. 6 दिसंबर 1921 नेहरू जब पहली बार गिरफ्तार हुए तो नेहरू गिरफ्तारी के दिन से ही वंशवादी हो गए थे साथ में उनके पिता मोतीलाल नेहरू उनके भाई के अलावा 6 लोग और गिरफ्तार हुए नेहरू के बारे में एक अफवाह और उड़ाई जाती है कि नेहरू का कपड़ा पेरिस में धुलते थे जो कि बिल्कुल गलत है इलाहाबाद में एक पेरिस नाम की लॉन्ड्री थी नेहरू का कपड़ा वही धुलवाते थे जो भी हो नेहरू के कपड़ा कहीं भी धुले लेकिन नेहरू जेल में अपने पिता मोतीलाल नेहरू के कपड़े जरूर धुलते थे जब सब लोग असहयोग आंदोलन में गिरफ्तार होकर जेल चले गए तब असहयोग आंदोलन का नेतृत्व कौन करें पूरा परिवार तो जेल में है तब नेहरू की माताजी स्वरूप रानी आती हैं लोगों ने स्वरूप रानी को एक स्ट्रेचर पर व्हीलचेयर जैसा उस पर माताजी को बैठाते हैं अंग्रेज पुलिस उन पर लाठियां चलाती है नेहरू की माताजी बेहोश होकर जमीन पर गिर जाती हैं और उनके माथे से खून निकलता है तब नेहरू अपनी आत्मकथा लिखने हैं कि मैं जेल के बाहर होता और मेरी माता के ऊपर लाठियां चलाई जा रही होती तो शायद मैं अहिंसा का पालन कर पाता कि नहीं जब माता जी भी गिरफ्तार हो गई अब असहयोग आंदोलन का नेतृत्व कौन करें तब नेहरू की पत्नी कमला नेहरू वॉलिंटियर बन कर सामने आती है असहयोग आंदोलन का लीडरशिप करती है और जेल जाती हैं फिर नेहरू की बहन और उनके पति जेल जाते हैं 1942 के आंदोलन में तब तक इंदिरा गांधी भी सयानी हो जाती है और उनके पति फिरोज गांधी 42 के आंदोलन में जेल जाते हैं. और और मजे की बात सभी की संपत्ति जप्त होती जाती है बोबले आगे कहते हैं कि अगर ऐसा वंशवाद गोलवरकर के घर में होता ऐसा वंशवाद हेडगवार के घर में होता ऐसा वंशवाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई घर में होता यहां तक की ऐसा वंशवाद मोदी जी के घर में होता तो भारत 1947 तो क्या 1925 में ही आजाद हो जाता पंडित जवाहरलाल नेहरू को दो लोग राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण बहुत प्रिय थे दोनों लोगों को नेहरू ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन लोहिया ने कहा मैं तो आपका विरोध करूंगा जब 1952 में कांग्रेस ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल कर लिया तो नेहरू ने जेपी को बुलवाया और नेहरू ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण से कहा कि आप सरकार में आ आ जाइए और मेरे बाद आप लोग संभालिएगा लेकिन जयप्रकाश नारायण ने मना कर दिया तब नेहरू ने लाल बहादुर शास्त्री का चुनाव किया नेहरू अपनी मौत से 6 महीना पहले शास्त्री को पीएमओ ऑफिस में मंत्री बना दिया था लाल बहादुर शास्त्री नेहरू की मौत से 6 महीना पहले से पीएमओ ऑफिस का कार्य देख रहे थे अगर नेहरू में वंशवाद होता तो इंदिरा गांधी को लाल बहादुर की जगह बनाते 1947 से 1964 लगभग 17 साल बाद इंदिरा गांधी सांसद बनती हैं अगर नेहरू की इच्छा होती अपनी बेटी को प्रधानमंत्री बनाना है तो इंदिरा गांधी को सांसद तो जरूर बना देते और नेहरू ने सांसद बनाया किसको, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की बेटी मनीबेन पटेल को।

इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी कब जब अचानक लाल बहादुर शास्त्री की मौत हो गई और उन्हें पार्टी के लोगों ने बनाया न कि माननीय नेहरू जी ने।

अब नेहरू जी स्वर्ग से लेटर भेजे नहीं थे कि इंदिरा गांधी को प्राइम मिनिस्टर बना दो जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने तो उस समय इंदिरा जी देश के लिए शहीद हुई थी और सीने में 36 गोलियां खाई थी भारत भावनाओं का देश है उस समय राजीव गांधी को लगभग 413 सीट मिली थी अब नेहरू ना तो राजीव गांधी को ना तो इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बनाने आए थे नेहरू तो राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश को बना रहे थे वे सब बने नहीं अब इसमें भारतीय जनता पार्टी चश्मा लगाकर वंशवाद ढूंढ ले तो उन्हें मुबारक हो ...वे सुनाते नहीं हम सुनते हैं जिस दिन हम सुनना बंद कर देंगे उस दिन वे सुनाना बंद कर देंगे। बाबा साहेब कहते थे शिक्षा और रोजगार मेरे जीवन- मरण का सवाल है बहुजन समाज के लोग जिस दिन इतिहास सुनाने के बजाय इतिहास पढ़ने लगेंगे, तब सत्ता उनके हाथ में आ जाएगी और तभी देश सही मायने में आत्म निर्भर और विकसित होगा।

आज शिक्षा सामाजिकता, संस्कृति और रोजगार ख़तरे में हैं और बहुजन समाज के लोगों को ख़तरा और कहीं दिखाई पड़ रहा है। बहुजन समाज के लोग इतिहास सुनो मत, इतिहास पढ़ो। अपने पूर्वजों के स्वर्णिम अतीत को जानो।

अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाओ अगर आत्म निर्भर बनना हो या आर्थिक आपातकाल से बचना हो तो। बहुजनों! यह तय तो तुम्हें ही करना है।


**हरी लाल यादव**
**पत्रकार**
**सिटी स्टेशन जौनपुर**
**मोबाइल नंबर 94 52 21 5225**


## जो कभी थकते नहीं थे, आज वो थकान महसूस कर रहे हैं


*- कृति आरके जैन -*


टूटी नींदों और अधूरी मुस्कानों के बीच पलता सच आज अभिभावकों की कठोर हकीकत बन चुका है। जब समाज अभिभावकों की भूमिका को नए नजरिए से देखेगा, तब 1 जून 2026 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस की थीम 'अभिभावकों के लिए एकजुट' कोई साधारण थीम नहीं, बल्कि समाज की नींव को हिला देने वाली सच्चाई बनेगा। आज माता-पिता अकेलेपन, डिजिटल दबाव और बढ़ती अपेक्षाओं के बीच संतुलन साध रहे हैं। परिवार ढांचे कमजोर हो रहे हैं और बचपन स्क्रीन में खोता जा रहा है। ऐसे में अभिभावक केवल देखभालकर्ता नहीं, भविष्य के निर्माता हैं। यह दिन स्पष्ट करता है कि बच्चों की नींव शिक्षा नहीं, बल्कि साझा सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी पर टिकी है। अभिभावकत्व आज एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहाँ दबाव और जिम्मेदारियाँ पहले से कहीं अधिक तीव्र हैं। बच्चे अब घर और स्कूल तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी तरह डिजिटल दुनिया के हिस्सेदार बन गए हैं। सोशल मीडिया, गेमिंग और ऑनलाइन ट्रेंड्स उनके सोच और व्यवहार को गहराई से बदल रहे हैं।

ऐसे समय में माता-पिता केवल अनुशासनकर्ता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, तकनीकी साथी और भावनात्मक सहारा बन गए हैं। इस दोहरी भूमिका में वे अक्सर मानसिक थकान और अपराधबोध महसूस करते हैं। समाज की "आदर्श माता-पिता" की अपेक्षा उनका आत्मविश्वास कमजोर करती है। इसलिए आज सबसे अधिक जरूरत सामूहिक समर्थन की है।

इतिहास साक्षी है कि हर सभ्यता की नींव मजबूत अभिभावकत्व पर टिकी रही है। जब परिवार जुड़े हुए थे, तब समाज भी अधिक स्थिर और संवेदनशील था। दादा-दादी की कहानियाँ, माता-पिता का अनुशासन और सामुदायिक जीवन बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ते थे। संयुक्त परिवार की व्यवस्था बच्चों को नैतिक मूल्यों, भावनात्मक सुरक्षा और सांस्कृतिक निरंतरता प्रदान करती थी।

आज यह ढांचा तेजी से टूट रहा है और पीढ़ियों के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। बच्चे भौतिक रूप से समृद्ध हैं, पर भीतर से असंतुलित हो रहे हैं। अभिभावक अकेले इस खालीपन को भरने की कोशिश कर रहे हैं, जो अब लगभग असंभव चुनौती बनता जा रहा है। इसलिए सामूहिक जिम्मेदारी और सामाजिक भागीदारी को फिर से मजबूत करना जरूरी है, ताकि बच्चों का संतुलित विकास संभव हो सके। आज की बदलती अर्थव्यवस्था और तेज़ रफ्तार कार्यसंस्कृति ने अभिभावकों पर जिम्मेदारियों का बोझ कई गुना बढ़ा दिया है। माता और पिता दोनों ही रोजगार की अनिश्चितता और लंबे कार्यघंटों के बीच संतुलन साधने को संघर्षरत हैं। ऐसे में बच्चों के साथ समय बिताना लगातार कठिन होता जा रहा है। तकनीक ने भले ही काम को सरल बनाया हो, लेकिन उसने व्यक्तिगत संबंधों में दूरी भी बढ़ाई है। अब माता-पिता केवल आर्थिक सुरक्षा देने वाले नहीं, बल्कि भावनात्मक स्थिरता का आधार भी बन गए हैं। यह दोहरी भूमिका उन्हें निरंतर दबाव में रखती है। परिणामस्वरूप परिवारों में संवाद घट रहा है और भावनात्मक दूरी बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में सामुदायिक सहयोग और लचीली कार्यनीतियाँ बेहद जरूरी हो गई हैं। आज की बदलती दुनिया में यह स्पष्ट हो चुका है कि 'अभिभावकों के लिए एकजुट' अब केवल नारा नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता है। जब अभिभावक अकेले संघर्ष करते हैं, तो उसका असर सीधे बच्चों के भविष्य पर पड़ता है। बढ़ता तनाव, मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएँ और डिजिटल निर्भरता ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

इस थीम का उद्देश्य केवल जागरूकता नहीं, बल्कि एक ऐसा सहयोग तंत्र बनाना है जहाँ हर व्यक्ति अभिभावकों के साथ खड़ा हो। शिक्षक, पड़ोसी, नीति-निर्माता और कार्यस्थल मिलकर परिवारों को मजबूती दें। यही सामूहिक प्रयास आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और संतुलित जीवन दे सकता है। दुनिया के हर कोने में माता-पिता की पीड़ा एक जैसी दिखाई देती है, चाहे देश या संस्कृति कोई भी हो। आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन, सामाजिक विभाजन और तेज़ तकनीकी बदलाव ने परिवारों को गहराई से प्रभावित किया है। हर जगह अभिभावक अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विकसित और विकासशील दोनों ही देशों में मानसिक तनाव और समय की कमी एक सामान्य समस्या बन चुकी है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि देशों के बीच सीख साझा की जाए, तो अभिभावकत्व की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है। परंपरा और आधुनिकता के बीच खड़ा अभिभावक आज संतुलन की कठिन राह पर चल रहा है। एक ओर उसे बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है, तो दूसरी ओर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। यह संतुलन बेहद चुनौतीपूर्ण है क्योंकि दोनों दिशाओं का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। परंपरागत मूल्य अनुशासन और सामूहिकता सिखाते हैं, जबकि आधुनिक शिक्षा स्वतंत्र सोच और नवाचार को बढ़ावा देती है। अभिभावक इन दोनों के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। यदि यह संतुलन बिगड़ जाए, तो बच्चों का व्यक्तित्व प्रभावित हो सकता है। इसलिए अभिभावकों के लिए निरंतर सीखना और समय के साथ स्वयं को बदलना आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्ट्स भी बार-बार चेतावनी दे रही हैं कि माता-पिता के बढ़ते तनाव का सीधा असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और विकास पर पड़ रहा है। वह अनदेखी मेहनत जो हर सुबह दुनिया को संभालती है, वही अभिभावक हैं।

अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें याद दिलाता है कि अभिभावक समाज की वह रीढ़ हैं जो भविष्य को आकार देते हैं। यदि उन्हें अकेला छोड़ दिया गया, तो उसका असर पूरी पीढ़ी पर पड़ेगा। इसलिए 'अभिभावकों के लिए एकजुट' केवल विचार नहीं, बल्कि व्यवहारिक क्रांति बननी चाहिए। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास के माता-पिता का सहयोग करे और उनके संघर्ष को समझे। शिक्षा, नीति और समाज को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जहाँ अभिभावक सम्मान, सहयोग और सुरक्षा महसूस कर सकें। यही आने वाले समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

**बड़वानी ( मप्र )**

# चंदौली

## मुगलसराय की रेलवे कॉलोनियों और सब्जी मंडी में जलभराव से मिलेगी मुक्ति

◆ 20 किलोमीटर लंबे नालों की सफाई आज से

◆ जेसीबी और पोकलेन मशीनों का इस्तेमाल




**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल प्रशासन ने आगामी मानसून के आगमन को देखते हुए एक बड़ा कदम उठाया है।

सोमवार से रेलवे कॉलोनियों में जलभराव की गंभीर समस्या से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर नालों की सफाई का कार्य शुरू किया जा रहा है। मंडल प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारी बारिश के दौरान भी रेलवे कॉलोनियों के भीतर पानी जमा न होने पाए। इस विशेष अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए रेल मंडल प्रशासन ने आधुनिक मशीनों और पर्याप्त संख्या में श्रमिकों की विशेष व्यवस्था की है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, पीडीडीयू रेलवे कॉलोनियों में कुल मिलाकर लगभग 20 किलोमीटर लंबे नाले हैं। इन नालों में समय बीतने के साथ भारी मात्रा में सिल्ट (कीचड़), प्लास्टिक कचरा और झाड़-झंखाड़ जमा हो गया है। इसी वजह से बारिश के दिनों में पानी की उचित निकासी नहीं हो पाती है और पूरी कॉलोनी में जलभराव की गंभीर स्थिति पैदा हो जाती है।

इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए सफाई कार्य में दो दर्जन कुशल मजदूरों की टीम लगाई गई है। इसके साथ ही, जेसीबी एवं पोकलेन मशीनों को भी काम पर उतारा जा रहा है, ताकि बड़े और गहरे नालों की तली में जमी सिल्ट और कचरे को आसानी से बाहर निकाला जा सके। सब्जी मंडी क्षेत्र भी अभियान में शामिल, एक सप्ताह का लक्ष्य- रेलवे कॉलोनियों के अतिरिक्त, नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सब्जी मंडी के पास स्थित तीन से चार किलोमीटर लंबे नाले की भी पूरी तरह से सफाई कराई जाएगी। इस व्यावसायिक क्षेत्र में हर वर्ष वर्षा ऋतु के दौरान भारी जलजमाव की समस्या सामने आती रही है, जिससे स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सफाई के दौरान निकाली जाने वाली सिल्ट, कीचड़ और झाड़-झंखाड़ को सड़क के किनारे लंबे समय तक लावारिस नहीं छोड़ा जाएगा। पूरे अभियान के तहत एक सप्ताह के भीतर ही समस्त एकत्रित कचरे को पूरी तरह से वहां से हटाने का सख्त लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पूरे नाला सफाई अभियान की सघन निगरानी स्वास्थ्य निरीक्षक उदय प्रसाद खुद मौके पर रहकर करेंगे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** मुगलसराय नगर के न्यू महाल इलाके में सोमवार शाम को एक गोलगप्पा निर्माण कारखाने में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कारखाने में रखा तैयार माल, कच्चा सामान और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कारखाना संचालक भरत के अनुसार घटना सोमवार शाम करीब हुई। आग की लपटें देख आसपास के घरों में बैठे लोग भी दहशत में बाहर निकल आए। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आग को आसपास के रिहायशी हिस्सों में फैलने से रोका। आग बुझाने में करीब दो घंटे का समय लगा। गनीमत रही कि आग घनी आबादी वाले इलाके में और नहीं फैली, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। कारखाना संचालक भरत के अनुसार आग की वजह से लगभग चार लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। तैयार गोलगप्पे, आटा, सूजी, तेल और पैकिंग सामग्री पूरी तरह जल गई।

## चंदौली में अवैध खनन पर टास्क फोर्स की कार्रवाई: 4 दिन में 28 ट्रक जब्त, 2.5 लाख रुपये जुर्माना वसूला

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी डॉ0 सर्वेश गौतम ने बताया कि चंदौली में अवैध खनन और उसके परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए एक संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग और पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के निर्देश पर यह टास्क फोर्स परिवहन, खनन, सेल टैक्स, जिला/तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मिलाकर बनाई गई है। इस टास्क फोर्स ने पिछले चार दिनों में जनपद चंदौली में 28 ट्रकों को जब्त किया है। 25 मई 2026 की रात को चलाए गए अभियान के तहत कुल 13 ट्रक पकड़े गए। इनमें से 3 ट्रक ओवरलोड थे, जबकि 10 ट्रक अवैध खनन और सेल टैक्स चोरी के आरोप में जब्त किए गए।

इन कार्रवाइयों से लगभग 2.5 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया है। इसके अतिरिक्त, इन वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन परमिट निलंबित करने की भी कार्रवाई की जाएगी। टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को कम करना भी है। इसके तहत वाहनों द्वारा गलत साइड ड्राइविंग, लाइसेंस निलंबन, गलत नंबर प्लेट का उपयोग, और गलत पार्किंग जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी व्यापक कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से, खनन में लगे ट्रैक्टरों से होने वाली दुर्घटनाओं और कर चोरी को देखते हुए, बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टरों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यह अभियान भविष्य में भी जनपद में जारी रहेगा।

## गा लेते हैं

सुख को मार भगा लेते हैं
चलिए दुख को गा लेते हैं

भीड़ भरे एकाकीपन को
शांत चुप कोलाहली मन को
भरा हुआ जो नीरवता से
उस अनहद बातूनी छन को

अपने लिए मंगा लेते हैं
चलिए दुख को गा लेते हैं

हृदय सहज ना जहां धड़कता
पथिक जहाँ ना राह भटकता
पानी पानी सब बेपानी
घूंट-घूंट को प्यासा मरता

सर पर धूप उगा लेते हैं
चलिए दुख को गा लेते हैं

पीड़ा सर पर आ बैठी है
घृणा आंखों में पैठी है
मित्र मौत का है सहयोगी
खुशी गला उतार ऐंठो है

सपनो को सुलगा लेते हैं
चलिए दुख तो गा लेते हैं

कठिनाई में है मानवता
जबड़े भींच रही दानवता
अंधभक्ति में सनी है दुनिया
खुले केश बैठी ज्ञानवता

घर में आग लगा लेते हैं
चलिए दुख को गा लेते हैं

**डॉ एम डी सिंह**

## चूल्हे की चिंगारी से मजदूर का घर जलकर राख, भारी नुकसान

**तरूणमित्र न्यूज**

**नौगढ़।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के बरवाटाड़ गांव (भैंसोड़ा ग्राम पंचायत) में मंगलवार दोपहर को एक बड़ा हादसा हो गया। एक गरीब मजदूर महावीर का आशियाना उजड़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महावीर के घर में चूल्हे से निकली एक चिंगारी के कारण भीषण आग लग गई। तेज हवा और भीषण गर्मी के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया, जिससे घर में रखा अनाज, कपड़े और अन्य सभी घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गए।



घटना के समय परिवार के सदस्य खाना खाकर आराम कर रहे थे।

धुआं उठता देख स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला और फायर ब्रिगेड को सूचित किया।

दमकल टीम के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने बाल्टी और बर्तनों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया था। बाद में दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया, लेकिन तब तक घर का अधिकांश सामान नष्ट हो चुका था।

इस अग्निकांड से पीड़ित मजदूर परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान पति लाल मोहम्मद मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को हर संभव सरकारी और निजी मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही क्षेत्रीय लेखपाल ने भी मौके का मुआयना कर नुकसान का आकलन किया है ताकि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मिल सके।

## लापरवाही पर गिरी गाज: एसपी ने इंस्पेक्टर को किया सस्पेंड

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** जनपद में पुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विवेचना सेल में तैनात निरीक्षक नागरिक पुलिस विमलेश कुमार मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर विवेचना में गंभीर अनियमितता, उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना तथा कर्तव्य पालन में घोर लापरवाही बरतने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली चन्दौली में पंजीकृत मु0अ0सं0-280/2024, धारा 103(1) बीएनएस की विवेचना निरीक्षक विमलेश कुमार मौर्य के पास थी। आरोप है कि उन्होंने नामजद अभियुक्तों को नियमानुसार नोटिस जारी किए बिना विवेचना को लंबे समय तक लंबित रखा और मामले के निस्तारण में अनावश्यक विलंब किया। बताया गया कि इस महत्वपूर्ण विवेचना को शीघ्र निस्तारित करने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, लेकिन संबंधित निरीक्षक ने उन आदेशों का पालन नहीं किया। साथ ही विवेचनात्मक नियमों के उल्लंघन के आरोप भी सामने आए। मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक सदर द्वारा कराई गई, जिसमें आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 17(1)(क) के तहत निरीक्षक विमलेश कुमार मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी संचालित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनता की शिकायतों पर समयबद्ध और निष्पक्ष कार्रवाई न करना तथा अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# दो माह में बनारस देश का होगा पहला गार्वेज फ्री सिटी, 415 करोड़ रु वसूला गया गृहकर

## कार्यकाल के तीन पूर्ण होने पर महापौर ने साझा किया उपलब्धियां व विकास का भविष्योन्मुखी रोडमैप

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** बनारस दो माह में गार्वेज फ्री सिटी होगा । यह देश का पहला कड़ा मुक्त शहर होगा । नगर निगम इस दिशा में तेजी से कदम आगे बढ़ा रहा है । इस क्रम में 27 में से 23 कूड़ा घरों को बंद किया जा जा चुका है। शेष चार कूड़ा घरों को भी समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है । कार्यकाल के तीन गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को सिगरा स्थित स्मार्ट सिटी सभागार, में आयोजित पत्रकारवार्ता दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी ने पिछले तीन वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया और आगामी दो वर्षों के लिए शहर के विकास का भविष्योन्मुखी रोडमैप साझा किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में 41वें स्थान पर रहने वाला वाराणसी, अब 2025 में 17वें स्थान पर पहुंच गया है। वहीं सफाईकार्मियों की संख्या 4075 से बढ़ाकर 7428 कर दी गई । प्रमुख मंदिरों व मार्गो पर तीन शिफ्ट में सफाई हो रही है। वहीं करसड़ा डंपिंग ग्राउंड का वैज्ञानिक तरीके से बायोमाइनिंग द्वारा निस्तारण और वहां 'मियावाकी' तकनीक से जंगल विकसित करने की योजना पर विशेष बल दिया गया।

**◂ वित्तीय आत्मनिर्भरता और राजस्व में चार गुना वृद्धि**

निगम ने आर्थिक अनुशासन का एक नया उदाहरण पेश किया है। पिछले तीन वर्षों में बिना गृहकर बढ़ाए, राजस्व वसूली को 94.36 करोड़ से बढ़ाकर 415 करोड़ रुपये तक पहुँचाया गया है। निगम का कुल बजट 843 करोड़ से बढ़कर 2775.44 करोड़ रुपये हो गया है। साथ ही, अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत 1250 बीघा बेशकीमती भूमि (अनुमानित मूल्य 7 अरब रुपये) को कब्जा मुक्त कराकर निगम के लैंड बैंक में शामिल किया गया है। इस मौके पर नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कहा कि वाराणसी की विरासत को अक्षुण्ण रखते हुए इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस वैश्विक शहर बनाना ही हमारा संकल्प है।

**◂ बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं का विस्तार**

पेयजल एवं सीवर: 72 करोड़ की लागत से 138 किमी नई पाइप लाइन बिछाई गई है। 22 वार्डों में 2161.75 करोड़ की लागत से सीवर, सड़क व पेयजल का कार्य

* तीन साल में 78 बड़े व मिनी नलकूप अधिष्ठापन व रिबोरिंग का कार्य । लागत 42.90 करोड़
* नव विस्तारित 25 नए वार्डों में भी डोर-टू-डोर कूड़ा उठान शुरू
* सभी 100 वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की निगरानी क्यूआर कोड व कमांड सेन्टर के माध्यम की जा रही है।
* सफाई कर्मियों की डिजिटल तीन बार हाजिरी
* स्वच्छ भारत मिशन के तहत 49 नए सार्वजनिक शौंचालयों का निर्माण, हर एक में ट्रांसजेंडर के लिए अलग सुविधा ट्रांसजेंडर सुविधा के लिए लक्सा में आधुनिक शौचालय का निर्माण
* 30 करोड़ की लागत से शहर के सेवा बस्तियों में बिजलीकरण, सड़क, नाली और शुद्ध पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का का लक्ष्य
* 30 करोड़ की लागत से पद्म अवार्डी के आवास की सड़कों व गलियों का सुंदरीकरण व सौंदर्यीकरण
* जलकल विभाग में ठेकेदारी प्रथा से खत्म करते हुए प्रत्येक वार्ड में 03 सीवर सफाई कर्मचारी व 02 वार्ड में 01 सीवर सुपरवाईजर की तैनाती। आउट सोर्सिंग पर कुल 300 कर्मचारी रखे गये है।
* गत 03 वर्षों में खरीदे गए 143 वाहन, लागत 26.6252 करोड़ रुपये। इसमें जलकल विभाग में 6 जेटिंग कम सेक्शन मशीन व छोटी जेटिंग कम जाकिंग, लागत 3.84 करोड़

जलस्रोत: सीएसआर फंड से शंकुलधारा एवं दुर्गाकुण्ड सहित - 16 तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्याकरण का कार्य

* मत्स्य मे पालन के लिए 19 तालाबों को मांझी समाज को पट्टे
* विलोपित शहरी 583 कुओं का जीर्णोद्धार

सुजाबाद डोमरी के 350 बीघा क्षेत्र मियावाकी वन तथा कंचनपुर में मियावाकी वन

* प्रधानमंत्री के आह्वान पर (एक पेड़ मां के नाम) के तहत वर्ष 2024-25 में 8000 ट्री गार्ड के साथ वृक्ष वर्ष 2025-26 में 20 हजार ट्री गार्ड के साथ वृक्ष जीवित : 25000
* सारंगतालाब में प्रस्तावित मियावाकी वन
* भेलूपुर में 25 एकड़ में (काशी इंटरप्रिटेशन सेंटर) पार्क विकसित करने का लक्ष्य
* शहर के 176 पार्कों में ओपेन जिम, पाथवे का निर्माण।
* शहीद उद्यान सौंदर्यीकरण, लागत 8.9893 करोड़ रुपये

**◂ 1250 बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त**

* नगर निगम ने कब्जा किए हुए 1250 बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त। बाजार दर से अनुमानित मूल्य करीब 07 अरब करोड़ रुपये मूल्य. की कीमत । निगम के लैण्ड बैंक में सम्मिलित
* सीएम ग्रिड परियोजना नौ मुख्य सड़कों का निर्माण, आठ और सड़कों का प्रस्ताव
* मणिकर्णिका व हरिश्चंद्र घाट पर अब आने वाले शवों के आंकड़ों को व्यवस्थित करने के कंप्यूटरीकृत नि:शुल्क पंजीकरण की व्यवस्था

सीनियर केयर सेंटर : वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2.07 करोड़ की लागत से बड़ालालपुर (टीएफसी के पास) में सीनियर केयर सेंटर का निर्माण

कल्याण मण्डप : 470.64 लाख रुपये की लागत से पिसौर में मांगलिक कार्य के लिए कल्याण मण्डप

डिजिटल लाइब्रेरी: 1.5 करोड़ रुपये की लागत शहीद उद्यान में डिजिटल लाइब्रेरी

नगर निगम कार्यालय व सदन भवन : 97 करोड़ की लागत से निर्माण

* अंडरग्राउंड पार्किंग, होटल और मार्केट काम्पलेक्स : म्युनिसिपल बांड से 40.56. करोड़ रुपये की लागत से सिगरा स्थित
* डा. संपूर्णानंद स्टेडियम के निकट की भूमि पर अंडरग्राउंड पार्किंग, होटल और मार्केट काम्पलेक्स व 34.52 करोड़ रुपये की लागत से लहुराबीर में घोड़ा अस्पताल की भूमि पर मार्केट काम्प्लेक्स के साथ अंडरग्राउंड पार्किंग का निर्माण

पशु आश्रय स्थल : भिटकुरी में कान्हा गौशाला/पशु आश्रय स्थल का 331.78 लाख रुपये की भविष्य के कुछ महत्वपपूर्ण नए प्रोजेक्ट

* 1.52 करोड़ रुपये की लागत से परेड कोठी में बनेगा पार्किंग स्थल

10.92 करोड़ की लागत से 138 दुकानों का निर्माण बेनियाबाग मार्केट

4.35 करोड़ की लागत से भोजूबीर कॉम्प्लेक्स

4.74 करोड़ की लागत से सिगरा रुद्राक्ष मार्केट कमर्शियल कॉम्प्लेक्स

* 67 लाख रुपये की लागत से ऐढ़े स्थित गौशाला के पीछे खाली जमीन पर नई चाहरदीवारी और गौशाला का निर्माण

**◂ खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां**

* 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी
* कजरी महोत्सव
* गंगा पार रेती में पतंग प्रतियोगिता
* नन्हे साहित्यकारों को उपलब्ध कराया साहित्यक मंच

नमो बनारस केंद्र : बुनकरों और व्यापारियों के लिए 145.36 करोड़ की लागत से आधुनिक नमो बनारस केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।

स्मार्ट सुविधाएं- शहर के प्रमुख स्थानों पर नि:शुल्क वाई-फाई, सीनियर केयर सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी और भीषण गर्मी से बचाव के लिए कूलिंग सेंटर्स व वॉटर कूलर की व्यवस्था की गई है।

**◂ आगामी दो वर्षों की प्राथमिकताएं (विज़न 2028)**

महापौर ने भविष्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि

* भेलूपुर में भव्य 'शिवा थीम पार्क', फूड प्लाजा और संग्रहालय का निर्माण।
* असि घाट, मैदागिन, भदैनी और सारनाथ में भव्य पार्किंग निर्माण।
* शहर में 5 नए स्पोर्ट्स सेंटर, महिलाओं के लिए वर्किंग वूमेन हॉस्टल और 40 कुण्डों/तालाबों का जीर्णोद्धार।

-1000 कुओं की सफाई और 150 पार्कों का सौंदर्यीकरण।

पत्रकारवार्ता में मुख्यरूप से उपसभापति नरसिंह दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।




महापौर अशोक कुमार तिवारी पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल भी रहे मौजूद।

## उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की गयी जानकारी/ दस्तावेजों के संकलन के लिए शिविर स्थापित

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार कि अध्यक्षता में 23.01.2026 को सम्पन्न बैठक में उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की गयी जानकारी निर्धारित दिशा- निर्देशो के अनुरूप न होने, 50 एकड़ से अधिक भूमि क्षेत्र से सम्बन्धित मामलों पर विशेष ध्यान देने हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में सर्वे कमिश्नर वक्फ, उ0प्र0 के निर्देशानुसार पोर्टल पर अपलोड की गयी जानकारी/दस्तावेजों के संकलन हेतु शिविर स्थापित करने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ ने बताया कि उपरोक्तानुसार जनपद के उ0प्र0 सुन्नी एवं शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा जनपद में नामित मुतवल्ली, को-ऑर्डिनेटरों एवं उम्मीद पोर्टल पर अपलोड किये जाने वाले वक्फ सम्पत्तियों के समस्त मुतवल्लियों/प्रबन्ध समिति/ प्रशासकों को अवगत कराया गया है कि वक्फ बोर्ड के निर्देशानुसार उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की गयी जानकारी/दस्तावेजों की एक प्रति जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ, वाराणसी के विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष संख्या-007 में स्थापित शिविर में तत्काल जमा करें।

> ◻ अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/ सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ के विकास भवन के कार्यालय कक्ष संख्या-007 में जमा करें

## ईद-उल-अज़्हा (बकरीद) के अवसर पर अब 28 मई (गुरुवार) को होगी सार्वजनिक अवकाश

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन की घोषित अवकाश की सूची में 27 मई, 2026 (दिन बुधवार) को ईद-उल-अज़्हा (बकरीद) के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, जिसकी तिथि चन्द्र दर्शन के आधार पर परिवर्तनीय थी। चूंकि उत्तर प्रदेश में 28 मई, 2026 को ईद-उल- अजहा (बकरीद) मनाई जाएगी, अतएव 27 मई, 2026 (दिन बुधवार) को घोषित ईद-उल- अजहा (बकरीद) के सार्वजनिक अवकाश को परिवर्तित करते हुए 28 मई, 2026 (दिन गुरुवार) को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है।उक्त लिये गये निर्णय के आलोक में ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर 28 मई (दिन-गुरुवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तैयारियों का कुलपति प्रो आंनद त्यागी ने लिया जायज़ा

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो आनन्द कुमार त्यागी ने उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 की तैयारियों के जायजा लेने के क्रम में दूसरे दिन मंगलवार को सुधाकर महिला महाविद्यालय, पांडेयपुर एवं श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स का किया। कुलपति प्रो. त्यागी ने उक्त कॉलेजों का निरीक्षण कर पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और सीटिंग प्लान का भी जायजा लिया। साथ ही उन्होंने गर्मी को देखते हुए अभ्यर्थियों के लिए पेय-जल सहित अन्य जरूरी आवश्यकताओं आदि का इंतजाम करने को निर्देशित किया। बता दें कि उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 31 मई को आयोजित है।



कुलपति प्रो आंनद कुमार त्यागी निरीक्षण करते हुए

# बरेका में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में महाप्रबंधक आशुतोष पंत के नेतृत्व में 15 मई 2026 से 5 जून 2026 तक विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ मनाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ऊर्जा संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास के प्रति समाज में व्यापक जागरूकता उत्पन्न करना है।

इसी क्रम में मंगलवार को बरेका स्थित जलालीपट्टी मार्केट में हम सबकी जिम्मेदारी विषय पर एक प्रभावशाली एवं जन-जागरूकता से परिपूर्ण नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देते हुए जल एवं ऊर्जा बचाने, अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया। प्रस्तुति के दौरान दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए पर्यावरण सुरक्षा के संदेश को सराहा।कार्यक्रम में मुख्य संरक्षा अधिकारी जितेंद्र अग्रवाल, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/पीओएच राजेश कुमार, जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।




# शिव पुराण श्रवण विधि व अनादि शिवलिंग पूजन का वर्णन

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज के बगल स्थित प्रांगण में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस मंगलवार को कथा वाचक पंडित अतुल नारायण दास जी महाराज ने शिव पुराण श्रवण की विधि एवं श्रोताओं के नियमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाराज जी ने विद्येश्वर संहिता का उल्लेख करते हुए अनादि शिवलिंग के पूजन की विधि भी बताई।

उन्होंने कहा कि शिव पुराण का श्रवण पूरी श्रद्धा, नियम और संयम से करना चाहिए। श्रोता को कथा के दौरान सात्विक आचरण रखना चाहिए और मन को एकाग्र कर कथा सुननी चाहिए। उन्होंने बताया कि अनादि शिवलिंग का पूजन करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं। कथा में विजय कुमार शुक्ला, राजेश कुमार शुक्ला, सुर्य प्रकाश शुक्ला, राकेश कुमार शुक्ला एडवोकेट, पंडित आनंद कुमार शुक्ला संजय शुक्ला, पप्पू शुक्ला, अरविंद कुमार शुक्ला विनय कुमार शुक्ला बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# हल्दी की रस्म में मारपीट करने के चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**मीरगंज।** क्षेत्र के भिदुना गांव में हल्दी रस्म में दबंग पड़ोसियों द्वारा मारपीट करके दहशत फैलाने के चार आरोपियों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही में जुट गई हैं। पीड़ित विशाल सरोज ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि बीते 21 मई को घर मे हल्दी रस्म चल रहा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी दीपक कुमार , सोनू, राहुल कुमार और रोहित कुमार भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मुझे व रिस्तेदारी आये बुआ के लड़के नन्हेलाल , विकास भतीजा आदित्य व माता रेखा देबी को लात घुसा से मारने पीटने लगे। जब तक परिवार के अन्य सदस्य कुछ समझ पाते वह सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इस संबंध में थानाध्यक्ष मीरगंज अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्वजों की आस्था से जुड़ा शिवस्थल बनेगा भव्य मंदिर, युवाओं ने लिया संकल्प

**मछलीशहर।** क्षेत्र के जमालपुर प्राथमिक विद्यालय परिसर में वर्षों से पूजित भगवान भोलेनाथ की शिव पिंडी के स्थान पर अब भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प गांव के युवाओं ने लिया है। मलमास में मंगलवार से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार पूर्वजों के समय से पीपल के वृक्ष के नीचे स्थापित शिव पिंडी की पूजा-अर्चना होती चली आ रही है। पीपल का वृक्ष गिर जाने के बाद वहां चबूतरा बनवाकर नियमित पूजा-पाठ जारी रखा गया। गांव की महिलाओं द्वारा आज भी हर शुभ अवसर पर वहां पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा की जाती है। इसी आस्था को आगे बढ़ाते हुए गांव के युवाओं ने पत्थर कटिंग से भव्य मंदिर निर्माण कराने का निर्णय लिया है। मंदिर निर्माण को लेकर युवाओं ने श्रमदान शुरू कर दिया है तथा समस्त ग्रामवासियों ने भी सहयोग का संकल्प लिया है।

मुकेश कनौजिया के नेतृत्व में राकेश कन्नौजिया (राजू), मुकेश कन्नौजिया, गौरव तिवारी, आकाश गौड़, विनोद कन्नौजिया, विवेक, शिवकुमार, मुन्ना, रोहित कन्नौजिया, शनि, सागर, अम्बरीष, लाला, विक्कू सहित अन्य युवाओं ने मंदिर निर्माण में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। गांव के अभिषेक सिंह, लल्लू गुरु, उमाशंकर श्रीवास्तव, झन्नालाल कन्नौजिया, नामवर सिंह एवं वीरेन्द्र सिंह ने युवाओं की इस पहल को सराहनीय बताया। वहीं 86 वर्षीय बुजुर्ग राजबहादुर सिंह एवं ब्रह्मदेव तिवारी ने बताया कि पूर्वजों के समय से चली आ रही परंपरा के अनुसार गांव में जब भी किसी घर में शादी होती थी, तो नई बहू को सबसे पहले इसी स्थान पर लाकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन कराया जाता था, उसके बाद ही गृह प्रवेश होता था। ग्रामीणों ने कहा कि भगवान भोलेनाथ के प्रति पूरे गांव की गहरी आस्था है और उनकी कृपा से गांव में सुख-समृद्धि बनी रहती है।



# जमीन पर निर्माण करने गए किसान को दबंगों ने पीटा, केस दर्ज

**जंघई।** क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में न्यायालय के आदेश पर मिली जमीन पर निर्माण करने गए किसान को दबंगों ने लात-घूंसों से पीट दिया। आरोपियों ने मजदूरों को गाली देकर भगाया और जान से मारने की धमकी दी।

इस दौरान मौजूद ग्राम प्रधान से भी अभद्रता की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जगदीशपुर निवासी शिवमंगल बिन्द ने थाने में तहरीर दी है कि वह मौजा लासा परगना घीसुवा तहसील मछलीशहर में स्थित आराजी नंबर 1131/0.518 हेक्टेयर का सह-खातेदार है। उपजिलाधिकारी मछलीशहर के आदेश से उक्त जमीन का विधिवत बंटवारा हो चुका है। न्यायालय के आदेश पर हल्का लेखपाल व पुलिस बल की उपस्थिति में पक्षों की सहमति से शिवमंगल को उसके हिस्से की भूमि पर दखल कराई गई थी। जब वह 24 मई को दिन में लगभग 8:30 बजे वह अपने हिस्से की भूमि पर निर्माण हेतु गड्ढे की खुदाई शुरू कर रहा था। तभी जगदीशपुर निवासी भागीरथी, जशकिशन, जयशंकर व जयमंगल मौके पर पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने मजदूरों को गाली-गलौज कर भगा दिया। विरोध करने पर शिवमंगल को लात-घूंसों से पीटने लगे। आरोपी

पीड़ित के अनुसार वह किसी तरह जान बचाकर भागा तो आरोपियों ने धमकी दी कि दोबारा आया तो जान से मार देंगे। दखल दिहानी के समय ग्राम प्रधान जगदीशपुर अमित कुमार बिन्द भी मौजूद थे। आरोपियों ने उन्हें भी गालियां दीं, जिसका वीडियो मौजूद है। पीड़ित का आरोप है कि दबंगई के बल पर आरोपी उसकी भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। थानाध्यक्ष मीरगंज अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शिवमंगल बिन्द की तहरीर पर आरोपी भागीरथी, जशकिशन, जयशंकर व जयमंगल के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# भू-माफिया सरकारी जमीनों पर कर रहें अवैध कब्जा

**जौनपुर।** भूमि अतिक्रमण विरोधी मोर्चा ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ज्ञापन में बताया गया है कि सरकारी भूमि अतिक्रमण से संबंधित विधर्मी भूमाफियाओं द्वारा बेश कीमती सरकारी जमीनों पर विधि विरुद्ध अवैध अतिक्रमण के माध्यम से प्रदेश भर में डेमोग्राफी परिवर्तन की गंभीर समस्या के समाधान हेतु, भूमि अतिक्रमण पर प्रदेश स्तर पर भू-माफिया दमन करने और उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में गंभीरता पूर्वक वैधानिक प्रावधान कर प्रभावी कार्रवाई किया जाए।

वक्ताओं ने आगे कहा कि पिछली पूर्ववर्ती तुष्टिकरण की सरकारों में सत्ता और शासन पर विधर्मियों के प्रभाव के चलते नगरीय सीमा से लगी हुई बड़ी-बड़ी सरकारी जमीनों अवैध अतिक्रमण के द्वारा विधि विरुद्ध कब्जा करते हुए उस पर बड़ी-बड़ी कालोनियां बनाकर और प्लोटिंग के माध्यम से पूरी डेमोग्राफी परिवर्तित हो चुकी है जो आने वाले भविष्य के लिए समाज और सरकार के सामने बड़े गंभीर संकट के रूप में खड़ी हुई है। इस गंभीर समस्या के निदान एवं सामाजिक व्यवस्था एवं जन-सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रस्ताव इस ज्ञापन के माध्यम से आपके समक्ष विचार हेतु प्रस्तुत किए जाते हैं जिन्हें कृपया मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को अग्रेसित किया जाए। सरकारी संपत्तियों को सूचीबद्ध कर सुरक्षित/ संरक्षित करना। अपात्रों को नियम विरुद्ध किए गए आवंटन की जांच नियम विरुद्ध विनिमय और विनिमय की वर्तमान स्थिति सरकारी जमीनों पर तथाकथित आवासीय समितियों के नाम पर कब्जाई गई सरकारी जमीन ग्राम अनुसार सरकारी जमीनों का अभिलेख संग्रह और वर्तमान स्थिति क विवरण तैयार करना। 1359 फसली वर्ष के आधार पर एवं चकबंदी के समय में छोड़ी गई सभी सरकारी जमीनों का रेवेन्यू रिकॉर्ड चकबंदी 41, 45 के अनुसार उनका भौतिक सत्यापन और वर्तमान की स्थिति का अवलोकन राजस्व की विशेष सर्वे टीम द्वारा ग्राम अनुसार अभिलेखीय रजिस्टर तैयार करना और उसे अभिलेख को आनलाइन डिजिटलाइज भी करना। इससे प्रदेश के विकास में उपयोगी सरकारी उपक्रमों उद्योगों के लिए त्वरित और आसानी पूर्वक जमीन उपलब्ध कराई जा सके। विवरण के अनुसार सभी राजकीय संपत्तियों का स्थलीय भौतिक परीक्षण करना। प्रदेश की सभी तहसील स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ट्रांसफर के समय उक्त संपत्तियों का विवरण और उनमें चल रही कार्यवाहियों की विशेष स्थिति की जानकरी विवरण अभिलेखीय चार्ज पर देना। भूमि अतिक्रमण पर जिम्मेदार अधिकारियों के कर्तव्य निर्धारित करना। राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधानों, नगर पंचायत के अध्यक्षों की सरकारी जमीनों एवं संपत्तियों के प्रति जवाब देही निर्धारित करना। राजस्व कर्मियों, ग्राम प्रधान नगर पंचायत के अध्यक्षों की भूमाफियाओं के साथ संलिप्तता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान निर्धारित करना। शासनादेश के द्वारा ट्रांसफर नीति लागू करना। लेखपालों, कानूनगो, एवं नगर निगमों में बरसों से एक ही स्थान पर जमे और भू माफिया से सांठगांठ रखने वाले उक्त कर्मियों की सेवा नियमावली में ट्रांसफर नीति लागू करना आदि शामिल है। सुरेंद्र कुमार मौर्य, नारायण दास चौरसिया, प्रितम सिंह एडवाकेट आदि मौजूद रहे।

# डीजल, पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कम्युनिस्ट पार्टी ने किया जोरदार प्रदर्शन

**बदलापुर।** डीजल पेट्रोल के दामों में हो रही बेतहाशा वृद्धि को ले कर मंगलवार को कम्युनिस्ट पार्टी के कार्य कर्ताओं ने जुलुस निकाल कर जोरदार प्रदर्शन किया। जुलुस बदलापुर सब्जी मंडी के निकट स्थित पार्टी कार्यालय से निकल कर इंदिरा चौक होते हुये तहसील मुख्यालय परिसर पहुंच कर प्रधानमंत्री सम्बोधित चार सूत्रीय मांगों का पत्रक उपजिलाधिकारी को सौंपा।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश भर में महंगाई व बेरोज गारी चरम पर है।

जिससे जनता त्राहि त्राहि कर रही है। ऐसे में डीजल पेट्रोल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि जनहित के खिलाफ है। आम दैनिक जीवन की वस्तुयें रसोई गैस, सीएनजी, बिजली, मोबाइल रिचार्ज,दूध, दवा आदि के दामों में भी बढ़ोतरी की गई है। सरकार आम जनता के साथ चुनावों में किए गए वादों को ताख पर रखकर पूंजीपतियों के हित में नीतियां बनारही है ऐसी विषम परिस्थितयों में जन आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा है। पत्रक में मांग है कि डीजल-पेट्रोल के दामों में बार-बार की गई वृद्धि तुरंत वापस ली जाय।आवश्यक वस्तुओं का दाम कम किया जाय। बेतहाशा बढ़ती महं गाई पर रोक लगे। बेरोजगारों को रोजगार दिया जाय। सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण बंद किया जाय। मन माना बिजली बिल भेज कर उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर लगवाने का दबाव न दिया जाय। कार्यक्रम को सम्बोधित रविशंकर मौर्य (राज्यसचिव) अशोक कुमार खरवार (जिला सचिव) इन्दुकुमार शुक्ल, प्रमोद कुमार शुक्ल, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी व मिथिलेश कुमार मौर्य व संचालन दिलीपकुमार ने किया। मौके पर राज बहादुर विश्वकर्मा, लालता प्रसाद मौर्य, रवीन्द्र पटेल, रामलाल, शिवप्रसाद विश्वकर्मा, विजयप्रकाश गुप्त राकेशनिषाद, राकेशमौर्य, संतोषकुमार प्रजापति, विनोद मौर्य, सुखराज, राम सिंगार दूबे, अंजली सरोज, किरन शुक्ला, मीता गुप्ता, अनुष्का शुक्ला, अपर्णा शुक्ला, अमर नाथ दूबे, शोभनाथ मौर्य, साधना निषाद, चांदनी, राहुल गुप्त, विकासमौर्य, मो. अनीश, जगन्नाथ, अमन मौर्य, राहुल शर्मा, आजाद गुप्ता आदि मौजूद रहे।





**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से रमाशंकर पुत्र सूर्यबली हो गया है। जबकि मेरा सही नाम रमाशंकर प्रजापति पुत्र सूर्यबली है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**प्रार्थी:**- रमाशंकर प्रजापति
पुत्र सूर्यबली
ग्राम- मुकुंदपुर, पोस्ट- मड़ियाहूँ,
जौनपुर।

**अदालती नोटिस**

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 बअदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय वाराणसी, बमुकदमा नम्बर 714 सन् 2024 ई0 प्रेमचन्द्र पाण्डेय बनाम मनवासा देवी बनाम-मनवासा देवी बउम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी श्री प्रेमचन्द पाण्डेय निवासिनी ग्राम कोइराजपुर थाना बड़ागांव जिला वाराणसी हाल पता ग्राम गंजारी (बड़ीबारी) थाना जन्सा जिला वाराणसी व कालीनगर कालोनी रोहनिया वाराणसी। बावजह हो कि अ0धा0 13 हि0वि0अधि0 आपके नाम एकनालिश बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता हाजिर होकर जो कुछ उज्र हो आज तारीख 27 माह 05 सन् 2026 ई0 ववक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करे वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 10 माह 04 सन् 2026 ई0 को जारी किया गया। आज्ञा से-न्यायालय

**अदालती नोटिस**

मृत प्रतिवादी के वैध प्रतिनिधि को समन 22/4 न्यायालय सिविल जज(जू0डि0) हवाली, वाराणसी, वाद सं0 497 सन् 2003 ई0 घुरे बनाम विजय वगैरह बनाम-2/1.अनील कुमार 1/2.सुनील कुमार पुत्रगण स्व0 छेदीलाल 2/3.श्यामदेई देवी पत्नी स्व0 छेदीलाल 2/4.अर्चना 2/5.अंजना पुत्रीगण स्व0 छेदीलाल सभी निवासीगण ककरमत्ता परगना देहात अमानत तहसील सदर वाराणसी। चूँकि वादी ने इस न्यायालय में प्रतिवादी के खिलाफ एक वाद संस्थित किया था, प्रतिवादी इस बीच में मर गया है और चूँकि उक्त वादी ने यह अभिकथन इस न्यायालय में आवेदित किया है कि आप उक्त मृत के वैध प्रतिनिधि है और आप उनके बदले में प्रतिवादी बनाये जाये। अतएव आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आप 18.07.2026 ई0 को 10.00 बजे उक्त वाद की प्रतिरक्षा करने के लिए इस न्यायालय में हाजिर हो और उल्लिखित दिन को आपकी उपस्थिति मे चूँक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा । मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज 26.05.2026 के दिवस को निकाला गया। आज्ञा से-न्यायालय

**अदालती नोटिस**

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 बअदालत सिविल जज (जू0डि0) हवाली, वाराणसी, बमुकदमा नम्बर 707 सन् 2024 ई0 नुरूलहक बनाम दयाशंकर वगै0 बनाम-1.दयाशंकर सिंह वयस्क 2.ओमप्रकाश सिंह वयस्क 3.जय प्रकाश सिंह वयस्क 4.रमेश सिंह वयस्क 5.अनिल कुमार सिंह वयस्क पुत्रगण स्व0 परमात्मा 6.संजय कुमार सिंह वयस्क 7.राकेश कुमार वयस्क 8.सवितानन्दन वयस्क पुत्रगण स्व0 ज्ञानप्रकाश 9.श्रीमती सुमति वयस्क पत्नी स्व0 ज्ञानप्रकाश सभी निवासीगण ग्राम रौनाखुर्द परगना कटेहर तहसील सदर जिला वाराणसी 10.श्रीमती कुसुम यादव वयस्क पत्नी ओम प्रकाश यादव निवासिनी शांतिपूरम कालोनी पाण्डेयपुर वाराणसी। बावजह हो कि आपके नाम एकनालिश बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता हाजिर होकर जो कुछ उज्र हो आज तारीख 21 माह 08 सन् 2026 ई0 ववक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करे वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 26 माह 05 सन् 2026 ई0 को जारी किया गया। आज्ञा से-न्यायालय

# ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का जिलाधिकारी ने बाह्य निरीक्षण किया

## आयोग की गाइडलाइन के अनुसार वेयर हाउस को सुरक्षित रखने के दिए निर्देश

तरुणमित्र न्यूज़

**मऊ।** जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन द्वारा निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार आज ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, परिसर की साफ-सफाई तथा प्रवेश द्वार पर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था पूरी सतर्कता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें निर्वाचन प्रक्रिया की संवेदनशील सामग्री हैं, अतः उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए।


वेयरहाउस के निरीक्षण कर बाहर निकलते जिलाधिकारी साथ में राजनीतिक दल के प्रतिनिधि

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा वेयरहाउस के बाहरी परिसर, सुरक्षा में तैनात कार्मिकों तथा अन्य व्यवस्थाओं की सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को सुरक्षा एवं रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार जो भी दिशा निर्देश हैं उसका अनुपालन करते हुए वेयर हाउस को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, अपर उप जिलाधिकारी दीपक सिंह संबंधित निर्वाचन अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो अभियुक्तो पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित

तरूणमित्र न्यूज

**मऊ।** 17 मई को थाना चिरैयाकोट क्षेत्रान्तर्गत करमी ग्राम में हुई गोली-बारी घटना में अमरेश सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी जमीन हरखोरी थाना जीयनपुर को नामजद अभियुक्तगण चन्दू यादव, गौरव प्रताप यादव जनपद आजमगढ द्वारा गोली मार दी गयी थी इस संबंध में थाना चिरैयाकोट पर मु0अ0स0 52/26 धारा 126(2), 131, 109, 3(5), 61(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था जिसमें 05 अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया गया था तथा 03 अभियुक्त शेष रह गये थे जिसमें 02 अभियुक्तो चन्दू यादव, गौरव प्रताप यादव आजमगढ के विरुद्ध मंगलवार को को पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर द्वारा 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया।

अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में 02 टीमों प्रथम टीम क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना व द्वितीय टीम क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल आजमगढ़ के नेतृत्व में टीमो का गठन किया गया है। शीध्र ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# ज्येष्ठ मास के दशहरा के दिन धरती पर अवतरित हुई मां गंगा

तरूणमित्र न्यूज



**मऊ।** हर हर गंगे और हर हर महादेव के जयकारे से नगर का रेलवे क्रॉसिंग स्थित श्री हनुमान गढी मंदिर प्रातः काल से ही भक्तों द्वारा गुंजायमान रहा। मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की कथा को बताते हुए मंदिर समिति के प्रमुख डॉ राम गोपाल गुप्त ने बताया कि साठ हजार वर्षों की कठोर तपस्या के बाद भागीरथी ने अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए मोक्ष दायिनी गंगा को पृथ्वी पर ज्येष्ठ मास के दशहरा के दिन अवतरित किया। आज गंगोत्री से लेकर हरिद्वार प्रयाग लेकर गंगासागर तक मां सभी के पापों को धुलते हुए मोक्ष प्रदान करती है। इस अवसर पर समिति के आचार्य अजय मिश्र द्वारा सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय सभी के कुशलता हेतु मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ विधि विधान से किया गया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चंद्र शेखर अग्रवाल, दिनेश बरनवाल, रिंकू मिश्रा, श्री राम लोहिया, जेएन सिंह, बब्बन सिंह, आनंद गुप्ता, राजेश गुप्ता, संजय सर्राफ, राजेश छतेजा, तरुण कुमार, प्रमोद कुमार, वीरेंद्र गुप्ता, अनिल शर्मा, विजय कुमार, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, रामदुलारे, मोती लाल चौरसिया समेत सैकडो भक्तों ने हवन में आहुति दी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

तरूणमित्र न्यूज

**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत युगलों को प्रदान की जाने वाली सामग्री की क्रय प्रक्रिया एवं विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विवाह कार्यक्रम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के सफल संचालन, पारदर्शिता तथा शासन की मंशा के अनुरूप व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की पुत्रियों का विवाह कराया जाता है।



उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जोडे को कुल एक लाख रुपये का लाभ प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत कन्या के दांपत्य जीवन को सुखमय एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 60 हजार रुपये की सहायता राशि सीधे कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है।

इसके अतिरिक्त 25 हजार रुपये की धनराशि से नवविवाहित जोडों को गृहस्थी उपयोगी वैवाहिक उपहार सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

वहीं विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु भोजन, पांडाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर प्रति जोडा 15 हजार रुपये व्यय किए जाते हैं। मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूर्व में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में वितरित की गई सामग्री के वर्तमान बाजार मूल्य का आकलन करते हुए टेंडर प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तिथि से पूर्व सभी आवश्यक सामग्री की खरीद प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए, जिससे कार्यक्रम के आयोजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में मुख्य कोषाधिकारी संजय कुमार गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास रश्मि मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### गोवध के मामलों में अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा/गैंगेस्टर की करें कार्यवाही: एसपी

तरूणमित्र न्यूज



*__मऊ।__ आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस लाईन के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के अध्यक्षता में कानून-व्यवस्था व अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी क्रम में एसपी द्वारा अपराध एवं कानून व्यवस्था के विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी तथा शांतिध्कानून व्यवस्था के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुये दिशा-निर्देश दिये कि छोटी-छोटी घटनाओं पर भी विशेष नजर बनायें रखें तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाय।*

*गंभीर घटना कारित होने पर तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया जाय एवं उच्चाधिकारियों को ब्रीफ किया जाय। आगे कहाकि अपराधों को रोकने हेतु पैदल गस्त एवं पिकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बीट व्यवस्था प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाय। वही गोवध के मामलों में अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा/गैंगेस्टर की कार्यवाही अवश्य की जाय। महिला सम्बन्धी अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाय। आगामी त्यौहारों के अवसर पर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गस्त व पिकेट की व्यवस्था की करें। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि बनायें रखें तथा अफवाहों का खंडन अतिशीघ्र करें तथा संगठित अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनुप कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।*

### गंगा दशहरा पर सांस्कृतिक संध्या एवं भव्य गंगा आरती का आयोजन

तरूणमित्र न्यूज



*__मऊ।__ गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में नगर के तमसा नदी के गायघाट तट पर सांस्कृतिक संध्या एवं भव्य गंगा आरती का आयोजन जिला गंगा समिति मऊ द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, डीसीएसके पीजी कॉलेज तथा अन्य संस्थाओं के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल कुमार जायसवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोक गायिका मंजू चौहान ने अपने मधुर गीतों के माध्यम से तमसा नदी को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने हेतु जनमानस से अपील की। तत्पश्चात नदी तट पर भव्य आरती का आयोजन किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. हेमंत यादव, जिला परियोजना अधिकारी ने कहा कि नदियां हमारी आस्था के साथ-साथ जीवनदायिनी परंपराओं का भी प्रमुख स्रोत हैं। नदियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक के सहयोग और समर्पण की आवश्यकता है।*

*उन्होंने कहा कि हमें नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना होगा तथा यह समझाना होगा कि नदियां हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं, जिनसे हमारी आस्था, संस्कृति, परंपराएं एवं जीवन जुडा हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि यदि नदियां स्वच्छ और स्वस्थ रहेंगी तो हम भी स्वच्छ और स्वस्थ रहेंगे, और एक स्वस्थ नागरिक ही राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। कार्यक्रम में सैकडों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।*

# निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी नाराज, लगाई फटकार

## मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना अंतर्गत निर्माणाधीन विसर्जन घाट का किया निरीक्षण

तरूणमित्र न्यूज

**मऊ।** जनपद में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन विसर्जन घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। इस परियोजना के पूर्ण होने की तिथि 24 फरवरी 2026 थी, परंतु अब इसकी संभावित तिथि 15 जुलाई 2026 हो गई है। जिलाधिकारी ने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के अधिकारी को कडी फटकार लगाई तथा निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं तथा किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



उक्त परियोजना की कुल लागत 247.42 लाख रुपये है। परियोजना का कार्य प्रारंभ करने की तिथि 25 मई 2025 निर्धारित थी तथा इसे पूर्ण करने का लक्ष्य 24 फरवरी 2026 तय किया गया था। परियोजना पर अब तक कुल 163.72 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं तथा कार्य की भौतिक प्रगति लगभग 65 प्रतिशत है। इस पर जिलाधिकारी ने अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा सभी अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने नगर विकास विभाग के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखें तथा समन्वय स्थापित कर परियोजना को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में शिथिलता किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी और निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराया जाना प्राथमिकता होगी।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार, कार्यदाई संस्था के सहायक अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे स्काउट एण्ड गाइड जिला संघ द्वारा स्टेशन पर जल सेवा अभियान

तरूणमित्र न्यूज



**मऊ।** भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरेज एण्ड वैगन) अनुभव पाठक के नेतृत्व में ग्रीष्म कालीन जल सेवा का आयोजन मंगलवार को मऊ रेलवे जंक्शन स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन जल सेवा शिविर आयोजन किया गया। इसी क्रम में मऊ स्टेशन पर भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ वाराणसी शाखा मऊ में सुभाष ग्रुप व स्वरूप रानी गाइड ग्रुप के कुल 13 स्काउट एवं गाइड्स सदस्यो द्वारा गाडी संख्या 14005 एक्सप्रेस, 15129 इंटरसिटी, 15130 इंटरसिटी के जनरल यानों में रेल यात्रियों को शीतल जल पिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन रोवर लीडर विनोद कुशवाहा व स्काउट मास्टर पुष्कर कुमार के नेतृत्व में किया गया। ग्रुप लीडर उप मुख्य टिकट निरीक्षक राकेश कुमार के माध्यम से 10 जार आरओ का पानी भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान मुख्य पार्सल अधीक्षक बीके पांडेय, मुख्य टिकट निरीक्षक राम प्रभाव यादव आदि मौजूद रहे।

# मरीजों को मिलेगा बेहतर जांच व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभः अखिलेश कुमार राय

तरूणमित्र न्यूज

**मऊ।** प्रकाश डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम को और सशक्त बनाते हुए डॉ. वैष्णवी जताना का भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन से सेंटर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और विशेषज्ञता को नई मजबूती मिली है। इस अवसर पर एमडी अखिलेश कुमार राय ने कहा कि प्रकाश डायग्नोस्टिक सेंटर लगातार आधुनिक और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि डॉ. वैष्णवी जताना के जुडने से संस्थान में एक नई शुरुआत होगी और अब मरीजों को एक ही छत के नीचे और अधिक विशेषज्ञ सेवाओं का लाभ मिलेगा। प्रकाश डायग्नोस्टिक सेंटर में पहले से डॉ. संतोष गुप्ता, डॉ. अमित कबारिया, डॉ. सौरभ मणि त्रिपाठी एवं डॉ. प्रसाद अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब डॉ. वैष्णवी जताना के जुडने से विशेषज्ञों की यह टीम और अधिक मजबूत हो गई है।



डॉ. वैष्णवी जताना के मार्गदर्शन में सेंटर पर महिलाओं एवं गर्भावस्था से संबंधित कई विशेष जांच और परामर्श सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इनमें प्रथम तिमाही स्क्रीनिंग, अल्ट्रासाउंड स्कैन, फीटल न्यूरोसोनोग्राफी, फीटल इकोकार्डियोग्राफी, एम्नियोसेंटेसिस एवं बेसिक जेनेटिक काउंसलिंग तथा रिकरेंट प्रेग्नेंसी लॉस से संबंधित जांच एवं परामर्श सेवाएं शामिल हैं। इन आधुनिक जांचों के माध्यम से डाउन सिंड्रोम, क्रोमोसोमल असामान्यताएं, जन्मजात हृदय रोग, गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क एवं तंत्रिका तंत्र से जुडी समस्याएं, आनुवंशिक बीमारियां, हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी, गर्भ में शिशु के विकास संबंधी विकार तथा बार-बार गर्भपात जैसी समस्याओं की समय रहते पहचान और चिकित्सकीय परामर्श संभव होगा। इस अवसर पर अभिषेक विश्वकर्मा, वंदना मौर्य, रानी शर्मा, अनुराधा यादव, विशाल, संजू यादव, लक्ष्मी गुप्ता, अंशिका शर्मा, सोनी कुमारी एवं सौरभ तिवारी उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में अधिरोहण सामाजिक संस्थान द्वारा निःशुल्क प्याऊ का हुआ शुभारम्भ

तरूणमित्र न्यूज



**मऊ।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच राहगीरों एवं आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एवरेस्ट ऑटो सेल्स एवं अधिरोहण सामाजिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नगर के बलिया मोड़ पर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य ग्रीष्म ऋतु में लगातार आने-जाने वाले यात्रियों, श्रमिकों, रिक्शा चालकों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि बढ़ती गर्मी में पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह प्याऊ निरंतर संचालित किया जाएगा, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके और समाज में सेवा व सहयोग की भावना को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि समाज में ऐसे कार्य मानवता और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। अधिरोहण सामाजिक संस्थान द्वारा समय-समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य, जागरूकता एवं जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जाते रहे हैं तथा इसी क्रम में यह पहल भी लोगों के लिए राहत का माध्यम बनेगी।

उपस्थित लोगों ने इस कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

# चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चुराया

तरुणमित्र न्यूज़

**दोहरीघाट (मऊ)।** थाना क्षेत्र के बेलौली चट्टी के समीप चोर सूने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण चुरा ले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार बेलौली चट्टी निवासी रमेश चंद्र पांडेय की माता की तबीयत खराब होने के कारण उनका इलाज लखनऊ में चल रहा है।

परिवार के सभी सदस्य कई दिनों से लखनऊ गए हुए थे। घर पर ताला बंद था और कोई मौजूद नहीं था। इसी बीच विगत रात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर कमरे में रखी आलमारी का लॉक तोड़ दिया। चोरों ने लाकर में रखी सोने की चेन, मंगलसूत्र और तीन सोने की अंगूठियां समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। मंगलवार को सुबह ग्रामीणों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा तो तत्काल इसकी सूचना रमेश चंद्र पांडेय को दी। घटना की जानकारी मिलते ही रमेश चंद्र पांडेय के भाई सत्येंद्र नाथ पांडेय ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।







संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# अंतर्जनपदीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

## डिजिटल उपकरण, गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान बरामद

**तरूणमित्र न्यूज**

**आजमगढ़।** जिले के बरदह थाना पुलिस ने अन्तरजनपदीय चोर गिरोह का खुलासा करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग सवा सात लाख रुपये कीमत का चोरी गया सामान बरामद किया है। आरोपियों के पास से 15 सोलर प्लेट, डिजिटल उपकरण, गैस सिलेंडर, बैटरी समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। वहीं एक आरोपी के पास से अवैध तमंचा, कारतूस और चोरी के 2000 रुपये भी मिले हैं।



पुलिस के अनुसार 19 मई 2026 को ग्राम असवनिया स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने बरदह थाने में तहरीर देकर बताया था कि 18 मई की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालयों के ताले तोड़कर छत पर लगे सोलर प्लेट, डिजिटल बोर्ड, CPU, प्रिंटर, बैटरी, स्टेबलाइजर, LED टीवी, गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया है। मामले में थाना बरदह पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम को मंगलवार रात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का सामान टाटा मैजिक वाहन में लादकर जौनपुर ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने पारा मोड़ के पास घेराबंदी की।

पुलिस को देखकर वाहन चालक भागने लगा, लेकिन टीम ने पीछा कर वाहन सहित पांच आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आदित्य सिंह निवासी कमरिया थाना तरवा, विपिन सिंह निवासी असवनिया थाना बरदह, राहुल राजभर निवासी गोठाव थाना बरदह, संदीप सरोज निवासी इरनी थाना बरदह तथा रवि राव निवासी नमदारपुर थाना कन्धरापुर के रूप में हुई। पुलिस से हुई पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों निखिल सिंह और छोटू उर्फ हिमांशु सिंह के साथ मिलकर असवनिया के दोनों विद्यालयों से सोलर प्लेट, इन्वर्टर, बैटरी, डिजिटल बोर्ड, LED टीवी और अन्य सामान चोरी किया था। आरोपी चोरी का सामान बेचने के लिए जौनपुर जा रहे थे। तलाशी के दौरान राहुल राजभर के पास से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और 2000 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में उसने बताया कि यह रकम थाना तरवा क्षेत्र के सीवी इंटर कॉलेज से चोरी किए गए पैसों में बची हुई राशि है।

## घाघरा नदी में मिला लावारिश शव, जांच में जुटी पुलिस

**बेल्थरा रोड/बलिया।** उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम करीमपुर स्थित घाघरा नदी में मंगलवार को एक लावारिश शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही उभांव थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस बलिया भेजा जा रहा है। स्थानीय लोगों की सहायता से शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

क्षेत्राधिकारी रसड़ा आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में सभी आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी हुई है।

# दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जिले की बिलरियागंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, छत्तीसगढ़ से ऑटो में लेकर आ रहे थे गांजा की बिलरियागंज थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 26 किलो 900 ग्राम नाजायज गांजा और तस्करी में इस्तेमाल किया जा रहा एक ऑटो वाहन बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब 6 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के निर्देश पर जिलेभर में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।



पुलिस हिरासत में गांजा तस्कर

इसी क्रम में 25 मई 2026 को थानाध्यक्ष बिलरियागंज अमित कुमार मिश्र अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति ऑटो में भारी मात्रा में गांजा लेकर अंजान शहीद की तरफ से गुलवा गौरी नहर मार्ग होते हुए गुजरने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छिछोरी नहर ट्यूबेल के पास घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक संदिग्ध ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक वाहन मोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपनी पहचान अमरजीत पाण्डेय निवासी गोपालगंज, बिहार तथा हरेन्द्र कुशवाहा निवासी तमकुहीराज, कुशीनगर के रूप में बताई। क्षेत्राधिकारी सगड़ी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली गई, जिसमें अमरजीत पाण्डेय के पास से 16 किलो 515 ग्राम और हरेन्द्र कुशवाहा के पास से 10 किलो 385 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

## जमीन और पैसों के लिए दोस्त का हत्यारा गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त और पैसों के लेनदेन को लेकर हुई युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मृतक के ही दो साथियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 21 मई 2026 को जहानागंज थाना क्षेत्र के कोढ़वा गांव निवासी सुनील कुमार ने मुबारकपुर थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसका भाई सुशील कुमार 20 मई की रात अपने साथी उमाशंकर उर्फ पिन्टू यादव के साथ चार पहिया वाहन से निमंत्रण में गया था। देर रात सूचना मिली कि रानीपुर गांव जाने वाले मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास पंकज सिंह उर्फ सोनू सिंह, अवनीश यादव उर्फ बबलू यादव और एक अज्ञात व्यक्ति ने सुशील कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी है।मामले में मुबारकपुर थाने में हत्या और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान सीडीआर, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीन रिक्रिएशन के आधार पर उमाशंकर उर्फ पिन्टू यादव और वीरेंद्र उर्फ बिन्दू यादव का नाम सामने आया। पुलिस ने सोमवार तड़के सठियांव रेलवे स्टेशन के पास से उमाशंकर यादव उर्फ पिन्टू को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 400 रुपये बरामद हुए। वहीं दूसरी कार्रवाई में वीरेंद्र उर्फ बिन्दू यादव को कोढ़वा अचलपार मार्ग स्थित मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 150 रुपये बरामद हुए।

आरोपी की निशानदेही पर झाड़ियों से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना पूर्व नियोजित थी। 20 मई की रात उमाशंकर यादव ने वीरेंद्र यादव को रानीपुर बुलाया था। गाड़ी में पहले से सुशील कुमार मौजूद था और नशे की हालत में था। आरोप है कि सुनसान रास्ते पर जमीन के लेनदेन और पैसों के विवाद को लेकर उमाशंकर ने सुशील कुमार के सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी ने गाड़ी के शीशे पर भी एक फायर किया और तमंचा वीरेंद्र यादव को छिपाने के लिए दे दिया।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या, एससी/एसटी एक्ट और आर्म्स एक्ट की धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

# महिलाओं के यौन उत्पीड़न कानून पर जागरूकता शिविर आयोजित

**तरूणमित्र न्यूज**

**बलिया।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया श्री अनिल कुमार झा के आदेशानुसार मंगलवार को एडीआर भवन, दीवानी न्यायालय परिसर बलिया में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के सचिव श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी ने की।




शिविर को संबोधित करते हुए सचिव श्री तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न, विशेषकर यौन उत्पीड़न, एक गंभीर कानूनी एवं सामाजिक अपराध है, जो महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और मानसिक शांति को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा POSH Act लागू किया गया है। यदि किसी महिला के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की घटना होती है, तो वह घटना के तीन माह के भीतर संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक शिकायत समिति में लिखित शिकायत दर्ज करा सकती है। कार्यक्रम में महिला पैरालीगल वालंटियर्स, न्यायालय की महिला कर्मचारी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। जागरूकता शिविर में महिलाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

## प्रेम जाल में फंसाकर शादी, 5 लाख हड़प युवक फरार

**सिकन्दरपुर ( बलिया )।** सिकन्दरपुर क्षेत्र से जुड़ा एक मामला इन दिनों इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। कुशीनगर जनपद की एक महिला ने क्षेत्र के एक युवक पर प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने, पहली शादी तुड़वाने, लाखों रुपये हड़पने और बाद में छोड़कर फरार हो जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता न्याय के लिए लगातार पुलिस और प्रशासन के चक्कर काट रही है। महिला के अनुसार उसकी मुलाकात कुशीनगर के एक निजी अस्पताल में कार्यरत सिकन्दरपुर क्षेत्र के युवक से इलाज के दौरान हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और युवक ने साथ जीने-मरने की कसमें खाते हुए 10 मई 2024 को मंदिर में शादी कर ली। महिला का आरोप है कि शादी के बाद दोनों लगभग चार महीने तक साथ रहे। पीड़िता ने बताया कि बाद में युवक उसे छत्तीसगढ़ के भाटापारा ले गया, जहां दोनों कुछ समय तक रहे। करीब एक माह पहले युवक उसे अपने गांव लाया, लेकिन 21 मई को बलिया रेलवे स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद से उसका मोबाइल फोन भी बंद है। महिला ने आरोप लगाया कि युवक की मां ने भी उसे घर से भगा दिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने उससे लगभग पांच लाख रुपये भी हड़प लिए हैं। मामले को लेकर उसने सिकन्दरपुर थाना में शिकायत दी है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के डांस का वीडियो वायरल

**तरूणमित्र न्यूज**

**आजमगढ़।** जिले में भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में जीत के बाद अब उत्तर प्रदेश में लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में जुटी हुई है। इसी क्रम में प्रदेश के हर जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आजमगढ़ के हरबंशपुर स्थित सीनियर चिल्ड्रन सेकेंडरी स्कूल में भी दो दिवसीय भाजपा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया लेकिन कार्यक्रम के पहले दिन शाम को आयोजित बार बालाओ का डांस और मनोरंजन कार्यक्रम का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, उनके समर्थक बार-बालाओं के डांस पर ताल से ताल मिलाते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि जिला अध्यक्ष का विवादों से पुराना नाता रहा है यह पहला नहीं इसके पहले भी कई मामले इस तरह से सामने आ चुके हैं।

अभी हाल ही में भाजपा कार्यालय का चपरासी रामचंद्र यादव को मारने पीटने का आरोप लगा था। वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। हालांकि वीडियो को लेकर भाजपा की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।आजमगढ़ में आयोजित भाजपा के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था। इसी दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें भाजपा नेता मंच के सामने डांस करते दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो को लेकर विपक्षी दल भी भाजपा पर निशाना साध सकते हैं।

# चोरी की 12 बैटरी के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**बेल्थरा रोड ( बलिया )।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रसड़ा आलोक कुमार गुप्ता व प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पाठक के कुशल नेतृत्व में थाना उभांव पुलिस टीम को मिली सफलता।




उल्लेखनीय है कि 24 मई को थाना उभांव पर सुशील कुमार सिंह निशा सिकोर्टी टीम बलिया नि0 मुंडेरा थाना रसड़ा बलिया द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि ग्राम-शंकरपुर(लेदुरही) में इण्डस टावर लगा है जिसकी टावर संख्या 3153343 है साईड के देख रेख व संचालन का कार्य टेकनिशियन दिलीप सिंह के मो0नं0 7408434616 द्वारा किया जाता है इनको सुबह लगभग 3.00 बजे सुचना प्राप्त हुई कि दिनाँक 7 मई की रात्रि मे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा टावर मे लगा बैट्री बैंक अमर राजा 600 AH चौबीस सेल चोरी हो गया है इससे नेटवर्क बाधित हुआ है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर पानी सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित थी। इसी क्रम में मंगलवार को थाना उभांव पुलिस टीम के उ0नि0 रामधारी सोनकर मय फोर्स के देखभाल क्षेत्र रात्रि गस्त एवं चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, तलाश वांछित विवेचना सम्बन्धित मु0अ0सं0 103/2026 धारा 303(2),317(2) बीएनएस मे मामूर थे कि मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आए अभियुक्तगण राकेश सिंह उर्फ बुच्चन सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह नि0 राजपुर थाना उभांव जनपद बलिया गोलू यादव पुत्र नीबूलाल यादव नि0 गौवापार थाना नगरा जिला बलिया राकेश यादव पुत्र अज्ञात नि0 ताडीबडागांव थाना नगरा जिला बलिया एक व्यक्ति अज्ञात द्वारा पिकअप पर लादकर बेचने जा रहे हैं।

उक्त सूचना पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खन्दवा के पास से वाहन के चालक राकेश सिंह उर्फ बुच्चन सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह नि0 राजपुर थाना उभांव जनपद बलिया की समय 02.35 बजे गिरफ्तारी की गयी शेष अभियुक्तगण गोलू यादव पुत्र नीबूलाल यादव नि0 गौवापार थाना नगरा जनपद बलिया राकेश यादव पुत्र अज्ञात नि0 ताडीबडागांव थाना नगरा जिला बलिया एक व्यक्ति अज्ञात की तलाश की जा रही है। अभियुक्त राकेश सिंह उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## चिल्ड्रेन कालेज हरवंशपुर में भाजपा का प्रशिक्षण प्रारंभ

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन की मजबूती एवं कार्यकर्ताओं की वैचारिक, राजनीतिक तथा कार्यकुशलता को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 25 मई को चिल्ड्रेन कालेज हरबंशपुर आजमगढ़ में किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी मौजूद रहे। प्रशिक्षण वर्ग में जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य मोर्चों के अध्यक्ष और महामंत्री, मंडल अध्यक्ष और मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी प्रकोष्ठों के जिला संयोजक, पूर्व विधायक सांसद जनप्रतिनिधि चुनाव लड़ें लोग ने प्रशाक्षण में सहभागिता कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान संगठन की रीति-नीति, भाजपा की विचारधारा, राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका, तकनीकी दक्षता, व्यवहारिक कौशल तथा प्रभावी कार्यशैली जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। 25 मई को शुरू होकर कुल 11 सत्रों के माध्यम से 26 भी को प्रशिक्षण संपन्न होगा।

# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

**तरूणमित्र न्यूज**

**सिकन्दरपुर ( बलिया )।** विधानसभा क्षेत्र 359 सिकन्दरपुर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी, बलिया के सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष इस्लाह रहमान के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सिकन्दरपुर को सौंपा गया। ज्ञापन में क्षेत्र की स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली एवं किसानों से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जांच मशीनों सहित स्वास्थ्य सुविधाओं को तत्काल दुरुस्त कराने, अधीक्षक को बदलने तथा क्षेत्र की खराब आरओ मशीनों और इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत कराने की मांग की गई। साथ ही किसानों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने और सरकारी गोदामों में समय से बीज एवं खाद उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।




कांग्रेस नेताओं ने नगर पंचायत सिकन्दरपुर में बने एमआरएफ सेंटर की निष्पक्ष जांच कराने, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर प्रतिबंध लगाने तथा क्षेत्र की जर्जर सड़कों को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग भी उठाई। ज्ञापन में अनियमित बिजली कटौती रोकने और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लगाने की मांग भी शामिल रही।

इसके अलावा मालदह चट्टी स्थित विक्रमजी मंदिर में किसी प्रकार का बदलाव न किए जाने की मांग करते हुए जनहित के मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की अपील की गई।

इस अवसर पर सचितानंद तिवारी, वृजेंद्र पाण्डेय, धीरेंद्र आनंद मिश्रा, सुमंत मिश्रा, हृदया पाण्डेय, संग्राम तिवारी, नेहा देवी, मनोज, रमाकांत राय, मणिशंकर सिंह आदि शामिल रहे।

## भाजपा के राज्य में नहीं रूक रहा है छात्राओं के साथ अपराध : डॉ. जनक

**तरूणमित्र न्यूज**

**गाज़ीपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सरजू पांडे पार्क पर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने महोबा की बेटी के साथ हुए अत्याचार को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सदर तहसीलदार के द्वारा लिया गया कार्यकर्ताओं ने बेटियों के सम्मान के लिए संघर्ष का ऐलान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज्य में विशेष रूप से महिलाओं पर अत्याचार में बेहताशा वृद्धि हुई है। भाजपा की महिला नेत्री महिलाओं के सम्मान की बात करती हैं लेकिन महिलाओं एवं छात्राओं के ऊपर हो रहे।




मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते लोग

अत्याचार पर चुपचाप खड़े होकर तमाशा देख रही है भाजपा महिला नेताओं को इस मुद्दे पर महिलाओं के साथ होकर उनके साथ देने की आवश्यकता है लेकिन वह लोग महिलाओं के लिए कुछ नहीं कर सकती उनका एकमात्र सत्ता में बने रहने के लिए महिलाओं का वोट लेना ही एक मात्र उद्देश्य है।

ज्ञापन सौपने के बाद कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं मोहम्मदाबाद विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा कि भाजपा के शासन में महिलाओं पर अत्याचार रुक नहीं रहा है भाजपा महिला विरोधी कृत्य में लिप्त है सत्ता के लिए महिलाओं से वोट लेने के लिए महिला सम्मान के रूप में अपने आप को प्रदर्शित करते हैं जबकि हकीकत यह है कि प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। प्रयागराज में महोबा की बेटी के साथ रेप के साथ-साथ सिगरेट से जलाना अमानवी कुकृत्य है। सरकार से हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता की मांग करते हैं कि जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर उसके कुकृत्यों की सजा देते हुए महोबा की बेटी को न्याय देने का काम करें नहीं तो कांग्रेस पार्टी इसके लिए बड़ा आंदोलन करने के लिए तैयार है।

# यूपी सरकार की एग्रीजंक्शन योजना शुरू

**बलिया।** प्रदेश सरकार द्वारा कृषि स्नातकों को स्वरोजगार से जोड़ने और किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालम्बन (एग्रीजंक्शन) योजना जनपद में संचालित की जा रही है। योजना के तहत कृषि एवं सहबद्ध विषयों में डिग्रीधारी युवाओं से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गई है।

योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के ऐसे बेरोजगार युवक-युवतियां पात्र होंगे, जिन्होंने कृषि, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा या मुर्गी पालन जैसे विषयों में किसी राज्य अथवा केंद्रीय विश्वविद्यालय या आईसीएआर/यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की हो। अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला अभ्यर्थियों को अधिकतम पांच वर्ष की आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थियों का चयन जनपद स्तर पर जिलाधिकारी अथवा मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी कृषि विभाग की विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन के लिए किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा। इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित जनपद के उप कृषि निदेशक कार्यालय अथवा तहसील स्तर पर उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**सूचना :** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 3386821 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 1949625 का अंकपत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। प्रार्थी : मनीष कुमार यादव पुत्र हरिओम सिंह यादव ग्राम माढ़ूपुर उर्फ कुण्डेसर थाना भांवरकोल तहसील मुहम्मदाबाद जिला गाजीपुर पिन 233227

निःसन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
सेवा का अवसर दें

निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी

पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

